दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 29 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर | सोमवार, 01 दिसम्बर 2025 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष एकादशी संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## मन की बात

### पीएम ने महिला-ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को वर्ल्ड कप जीतने की बधाई दी; कहा- नवंबर खेलों के लिए शानदार रहा




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 128वें एपिसोड में रविवार को भारत में खेलों की प्रगति, विंटर टूरिज्म, वोकल फॉर लोकल के साथ ही वाराणसी में होने वाले काशी-तमिल संगमम का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि भारतीय खेलों के लिए यह महीना शानदार रहा। शुरुआत महिला टीम की आईसीसी महिला वर्ल्ड कप जीत से हुई। भारत को कॉमनवेल्थ खेलों की मेजबानी का भी ऐलान हुआ। टोक्यो में हुए डेफ ओलिंपिक्स में भारत ने रिकॉर्ड 20 मेडल जीते। महिला कबड्डी टीम ने वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचा और बॉक्सिंग कप में भी भारत ने 20 मेडल हासिल किए। पीएम मोदी ने बताया कि 26 नवंबर को संविधान दिवस पर सेंट्रल हॉल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वंदेमातरम् के 150 वर्ष होने पर पूरे देश में होने वाले कार्यक्रमों की शानदार शुरुआत हुई । 25 नवंबर को अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा का आरोहण हुआ। इसी दिन कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पांचजन्य स्मारक का लोकार्पण हुआ ।

#### मन की बात की 5 बड़ी बातें...

**वोकल फॉर लोकल अपनाने की अपील:** पीएम ने कहा कि वे हमेशा वोकल फॉर लोकल की बात करते हैं। जी-20 में भी उन्होंने यही भावना रखकर विदेशी नेताओं को भारतीय शिल्प के उपहार दिए। दक्षिण अफ्रीका को नटराज प्रतिमा, कनाडा को चांदी का अश्व, जापान को चांदी के बुद्ध, इटली को सिल्वर मिरर और ऑस्ट्रेलिया को ब्रास उरली। उन्होंने कहा कि देश अब स्वदेशी उत्पादों को अपना रहा है, दुकानदारों और युवाओं ने भी इसे अपनाया है। उन्होंने त्योहार और नए साल की खरीदारी में भी वोकल फॉर लोकल अपनाने की अपील की।

**नौसेना तेजी से आत्मनिर्भर बन रही:** पीएम ने कहा कि भारत की सुरक्षा मजबूत होने पर हर नागरिक गर्व महसूस करता है। हाल ही में इक्ष्हस माहे को नौसेना में शामिल किया गया। इसका स्वदेशी डिज़ाइन चर्चा में रहा और पुडुचेरी-मालाबार के लोग इसके नाम से खुश हुए, क्योंकि यह ऐतिहासिक जगह माहे पर आधारित है। इसके क्रेस्ट में उरुमी और कलारिपयट्टु की पारंपरिक तलवार जैसी झलक है। पीएम ने बताया कि नौसेना तेजी से आत्मनिर्भर बन रही है। 4 दिसंबर को नौसेना दिवस मनाया जाएगा।

**उत्तराखंड में विंटर टूरिज्म बढ़ रहा:** पीएम ने कहा कि सर्दियों के साथ ही विंटर टूरिज्म का मौसम भी शुरू हो गया है। कई देश स्कीइंग, स्नो-ट्रेकिंग और विंटर फेस्टिवल से बड़ी कमाई करते हैं। भारत में भी पहाड़, संस्कृति और एडवेंचर की पूरी क्षमता है। उत्तराखंड का विंटर टूरिज्म तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, खासकर औली, मुनस्यारी, चोपटा और डेयारा।

**स्थानीय उपाद अपनाने की अपील:** पीएम ने कहा कि शहद के पीछे लोगों की मेहनत और प्रकृति का तालमेल छिपा होता है। जम्मू-कश्मीर का सफेद रामबन सुलाई शहद अब जीआई टैग मिलने के बाद देशभर में प्रसिद्ध हुआ है। कर्नाटक के पुत्तुर और तुमकुरु में संस्थाओं ने आधुनिक प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और बी-बॉक्सेज देकर किसानों की कमाई बढ़ाई है। नागालैंड में ऊँची चट्टानों से जोखिम भरा शहद संग्रह किया जाता है। देश में शहद उत्पादन अब डेढ़ लाख मीट्रिक टन पार कर चुका है और निर्यात तीन गुना बढ़ा है।

**वाराणसी में चौथा काशी-तमिल संगमम:** पीएम ने कहा कि काशी और तमिल संस्कृति का संगम अनोखा है। 2 दिसंबर से नमो घाट पर चौथा काशी-तमिल संगमम शुरू हो रहा है, जिसकी थीम है- लर्न तमिल। यह कार्यक्रम तमिल भाषा प्रेमियों के लिए महत्वपूर्ण मंच बन चुका है। काशी वासियों को इसमें नए लोग और नई चीजें सीखने का मौका मिलता है। इस बार भी वे पूरे उत्साह से तमिलनाडु से आए लोगों का स्वागत करने को तैयार हैं।

# एसआईआर की डेडलाइन 7 दिन बढ़ाई

## 12 राज्यों में वोटर वेरिफिकेशन 11 दिसंबर तक चलेगा; फाइनल लिस्ट 14 फरवरी को जारी होगी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चुनाव आयोग ने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिविजन की समय सीमा एक सप्ताह बढ़ा दी है। आयोग ने शनिवार को कहा कि अब अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। मतदाता जोड़ने-हटाने का एन्यूमरेशन पीरियड यानी वोटर वेरिफिकेशन अब 11 दिसंबर तक चलेगा, जो पहले 4 दिसंबर तक तय था। वहीं, पहले ड्राफ्ट लिस्ट 9 दिसंबर को जारी होनी थी, लेकिन अब इसे 16 दिसंबर को जारी किया जाएगा। दरअसल बिहार के बाद देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में एसआईआर 28 अक्टूबर से शुरू हुआ है। इस प्रोसेस में वोटर लिस्ट का अपडेशन होगा। नए वोटरों के नाम जोड़े जाएंगे और वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियों को सुधारा जाएगा। 99.53% फॉर्म लोगों तक पहुंचे- शनिवार को चुनाव आयोग ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 51 करोड़ मतदाताओं के लिए बनाए गए गणना फॉर्म में से 99.53% फॉर्म लोगों तक पहुंचा दिए गए हैं।

इनमें से लगभग 79% फॉर्म का डिजिटलीकरण भी पूरा हो चुका है। यानी यानी घर-घर से बीएलओ जो फॉर्म भरकर लाते हैं, उनमें लिखे नाम, पते और अन्य विवरण को ऑनलाइन सिस्टम में दर्ज किए जा चुके हैं।

## चुनाव आयोग का ऐलान

## बीएलओ को मिलेगी डबल सैलरी

चुनाव आयोग ने बूथ लेवल ऑफिसर्स की सैलरी 6000 से बढ़ाकर 12000 रुपए सालाना कर दी है। इसके अलावा वोटर रोल तैयार करने और उनमें बदलाव करने वाले बीएलओ सुपरवाइजर की सैलरी भी 12000 से बढ़ाकर 18000 रुपए कर दी गई है। जिस सरकारी कर्मचारी को बीएलओ का काम दिया गया है उसे यह पैसा उसकी सैलरी के अलावा अलग से दिया जाता है। आयोग ने शनिवार को जारी एक रिलीज में कहा कि पिछला ऐसा बदलाव 2015 में किया गया था। पहली बार इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स और असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स को भी मानदेय दिया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रही मौजूदा एसआईआर प्रक्रिया में कुल 5.32 लाख बीएलओ काम कर रहे हैं। हर एक बीएलओ के पास करीब 956 वोटर्स के लिस्ट रिवीजन का काम है।




### आयोग बोला- एसआईआर के लिए स्पेशल इंसेंटिव भी मिलेगा

चुनाव आयोग ने लिखा है- प्योर इलेक्टोरल रोल डेमोक्रेसी की नींव हैं। इलेक्टोरल रोल मशीनरी, जिसमें इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर, असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर, बीएलओ सुपरवाइजर और बूथ लेवल ऑफिसर शामिल हैं। ये सभी बहुत मेहनत करते हैं और बिना किसी भेदभाव के और ट्रांसपेरेंट इलेक्टोरल रोल तैयार करने में अहम भूमिका निभाते हैं। इसलिए कमीशन ने बीएलओह्य की सालाना सैलरी दोगुनी करने और इलेक्टोरल रोल तैयार करने और उनमें बदलाव करने वाले बीएलओ सुपरवाइजर की सैलरी बढ़ाने का फैसला किया है। आयोग ने लिखा कि कमीशन ने बिहार से शुरू होने वाले स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के लिए बीएलओह्य के लिए 6,000 रुपए के स्पेशल इंसेंटिव को भी मंजूरी दी है।

# संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू

## रिजिजू बोले-विंटर सेशन में ठंडे दिमाग से काम की उम्मीद

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** 1 दिसंबर से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। इस मीटिंग में विपक्ष के सभी सीनियर लीडर शामिल हुए। पार्लियामेंट्री अफेयर्स मिनिस्टर किरेन रिजिजू ने कहा- हम विपक्षी पार्टियों की बात सुनेंगे। यह विंटर सेशन है, हम उम्मीद करते हैं कि सब लोग ठंडे दिमाग से काम करेंगे और गरमागरम बहस से बचेंगे। पार्लियामेंट में एक सार्थक चर्चा होगी, कोई डिस्टर्बेंस नहीं होगा। अगर हम ठंडे दिमाग से काम करेंगे, तो यह देश के लिए फायदेमंद होगा और पार्लियामेंट सेशन आसानी से चलेगा। एसआईआर मुद्दे पर रिजिजू ने कहा- मैं यह नहीं कह सकता कि हम चर्चा के लिए कौन से मुद्दे लाएंगे। इलेक्शन कमीशन अपना काम करता है। मैं इलेक्शन कमीशन का स्पोक्सपर्सन नहीं हूं। संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। 19 दिन में पूरे सत्र के दौरान 15 बैठकें होंगी। एटॉमिक एनर्जी बिल समेत 10 नए बिल पेश हो सकते हैं। उधर विपक्ष एसआईआर मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश करेगी।



### अहम बिल जो पेश होंगे, उनसे क्या बदलाव

**न्यूक्लियर सेक्टर के लिए बड़ा बदलाव:** लोकसभा बुलेटिन के अनुसार एटॉमिक एनर्जी बिल भारत में परमाणु ऊर्जा के इस्तेमाल, कंट्रोल एंड रेगुलेशन से जुड़े प्रावधानों को नया फ्रेमवर्क देगा। यह पहली बार होगा जब प्राइवेट कंपनियों को न्यूक्लियर क्षेत्र में एंट्री मिल सकेगी। अब प्राइवेट कंपनियां भी न्यूक्लियर पॉवर प्लांट लगा सकेंगी।

**हॉयर एजुकेशन कमीशन बनाने वाला बिल भी तैयार:** सरकार हायर एजुकेशन कमीशन ऑफ इंडिया बिल भी पेश करेगी। इसका उद्देश्य कॉलेज और यूनिवर्सिटी को अधिक फ्रीडम देना और सिस्टम को पारदर्शी बनाना है। को खत्म कर उन्हें एक ही कमीशन में जोड़ दिया जाएगा।

**हाईवे भूमि अधिग्रहण तेज होगा:** नेशनल हाईवे (संशोधन) बिल भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को तेज और अधिक पारदर्शी बनाएगा, ताकि नेशनल हाईवे प्रोजक्ट्स में देरी कम हो सके।

**कंपनी कानून और एलएलपी कानून में बदलाव:** सरकार कॉरपोरेट लॉ (संशोधन) बिल, 2025 लाने की तैयारी कर रही है। जो कंपनी अधिनियम 2013 और एलएलपी अधिनियम 2008 में बदलाव कर 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को और सरल करेगा।

**सभी बाजार कानून एक बिल में:** सिक्योरिटीज मार्केट्स कोड बिल, 2025 का उद्देश्य सेबी एक्ट, डिपॉजिटरीज एक्ट और सिक्योरिटीज कॉन्ट्रैक्ट्स एक्ट को मिलाकर एक सरल कानून तैयार करना है।

**संविधान में संसोधन से जुड़ा बिल:** संविधान में 131वां संशोधन करने का प्रस्ताव रखा जाएगा। इस बिल के तहत खासकर चंडीगढ़ यूनियन टेरेटरी को संविधान के आर्टिकल 240 के दायरे में लाया जाएगा।

**कंपनियों के खिलाफ विवाद का जल्द निपटारा:** कंपनियों और व्यक्तियों के बीच झगड़े अक्सर सालों कोर्ट में लटकते रहते हैं। ऑर्बिट्रेशन एंड कॉन्सीलिएशन बिल, 2025 का उद्देश्य है कि मध्यस्थता फैसलों को चुनौती देने की प्रक्रिया सरल हो सके।

### 2025 में 19 दिन के शीतकालीन सत्र के दौरान 15 बैठकें होंगी

इस बार संसद का शीतकालीन सत्र (विंटर सेशन) 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। 19 दिन में पूरे सत्र के दौरान 15 बैठकें होंगी। इससे पहले 21 जुलाई से 21 अगस्त तक संसद का मानसून सत्र चला था। सत्र के पहले दिन राज्यसभा के तत्कालीन उपसभापति जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा दे दिया। फिर पूरा सत्र बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गया था। मानसून सत्र में कुल 21 बैठकें हुईं। लोकसभा में 120 घंटे चर्चा का समय निर्धारित था, लेकिन सिर्फ 37 घंटे कार्यवाही चली।

राज्यसभा में सिर्फ 41 घंटे चर्चा हुई। लोकसभा-राज्यसभा में कुल 27 बिल पास हुए। गिरफ्तार पीएम-सीएम को हटाने वाला संविधान संशोधन बिल सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। इसे जेपीसी के पास भेजने का प्रस्ताव पारित हुआ। संसद के शीतकालीन सत्र में इंडिया ब्लॉक मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग ला सकता है। 18 अगस्त को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर इंडिया ब्लॉक की बैठक हुई थी।

## मस्क बोले- इंडियन टैलेंट से अमेरिका को बहुत फायदा

### जीरोधा फाउंडर से बातचीत में कहा- एआई आने से 20 साल बाद काम करना ऑप्शनल होगा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म जीरोधा के फाउंडर निखिल कामत ने दुनिया के सबसे अमीर इंसान इलॉन मस्क के साथ किए पॉडकास्ट इंटरव्यू को यूट्यूब पर अपलोड कर दिया है। इस इंटरव्यू में मस्क ने एआई, काम का भविष्य, स्टारलिंक, इमिग्रेशन, पॉपुलेशन और ट्वीटर जैसे मुद्दों पर खुलकर बातें कीं। मस्क का कहना है कि आने वाले 10-20 साल में एआई और रोबोटिक्स इतनी तेजी से बढ़ेंगे कि इंसानों के लिए काम करना जरूरी नहीं रहेगा। इसी बातचीत में उन्होंने कहा कि अमेरिका ने इंडियन टैलेंट का सबसे ज्यादा फायदा उठाया है और एच-1बी पर राजनीति होने से टैलेंट फ्लो भी प्रभावित हो रहा है।

नेशनल हेराल्ड केस

# सोनिया और राहुल पर नई एफआईआर

## दिल्ली पुलिस ने ईडी की शिकायत पर दर्ज की

## एजेएल कंपनी को धोखाधड़ी से हासिल करने का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज की है। इसमें उनके अलावा छह अन्य लोगों और तीन कंपनियों के नाम शामिल हैं। ये तीन कंपनियां हैं- एजेएल, डोटेक्स मर्चेंडाइज और यंग इंडियन।



इन सभी पर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल ) को धोखाधड़ी से हासिल करने का आरोप है। शिकायत के मुताबिक, 2010 में एजेएल के पास करीब 2,000 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियां थीं। कोलकाता की डोटेक्स मर्चेंडाइज ने यंग इंडियन को 1 करोड़ रुपए दिए, जिसके बाद यंग इंडियन ने कांग्रेस को 50 लाख रुपए चुकाकर एजेएल पर नियंत्रण हासिल किया। यंग इंडियन में राहुल और सोनिया गांधी की 76% हिस्सेदारी है। एफआईआर 3 अक्टूबर को ईडी की हेडक्वार्टर्स इन्वेस्टिगेशन यूनिट की शिकायत पर दर्ज की गई थी। ईडी ने 2008 से 2024 तक की अपनी जांच रिपोर्ट साझा की थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई हुई। इसकी जानकारी शनिवार को सामने आई। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली पुलिस जल्द ही एजेएल के शेयरधारकों को तलब कर सकती है, ताकि यह पता चले कि क्या इस ट्रांसफर से पहले कांग्रेस ने उनसे अनुमति ली थी। कांग्रेस ने आरोपों को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताया है और कहा है कि उन्हें एफआईआर की जानकारी नहीं है।

## अभिषेक शर्मा की 12 गेंद में फिफ्टी, 32 में शतक

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अभिषेक शर्मा ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 148 रन की पारी खेलकर कई रिकॉर्ड तोड़ डाले। पंजाब के कप्तान ने बंगाल के खिलाफ 12 गेंद में फिफ्टी और 32 गेंद में सेंचुरी पूरी की। उन्होंने इस पारी में 16 छक्के लगाए। यह मेंस टी-20 क्रिकेट में तीसरा सबसे तेज अर्धशतक है और भारतीय खिलाड़ियों में दूसरा सबसे तेज भी है।

अभिषेक ने 425.00 की स्ट्राइक रेट से 12 गेंद में 5 चौके और 5 छक्के लगाकर फिफ्टी पूरी की। इसके बाद उन्होंने 7 चौके और 11 छक्के की मदद से 32 बॉल पर शतक पूरा किया। अभिषेक 52 बॉल पर 8 चौके और 16 छक्के की मदद से 148 रन बनाकर आउट हुए।

अभिषेक ने प्रभसिमरन सिंह के साथ 205 की पार्टनरशिप की। उनकी इस पारी के दम पर पंजाब ने 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 310 रन बोर्ड पर लगा दिए।

## तमिलनाडु में रेड अलर्ट जारी

# भारी बारिश से 3 लोगों की मौत

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उत्तरी तमिलनाडु के कई जिलों में साइक्लोन दितवाह के कारण भारी बारिश हो रही है, जिससे सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को उत्तरी तमिलनाडु, पुडुचेरी और आस-पास के दक्षिणी आंध्र प्रदेश के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, क्योंकि तूफान लगातार तट के करीब से गुजर रहा है। राज्य के राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री केकेएसएसआर रामचंद्रन ने पुष्टि की है कि चक्रवात से संबंधित बारिश की घटनाओं में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है।



### चक्रवात की वर्तमान स्थिति

आईएमडी के अनुसार, साइक्लोन दितवाह अभी भी दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर, उत्तरी तमिलनाडु-पुडुचेरी तट के पास बना हुआ है। मौसम विभाग ने बताया कि यह सिस्टम पिछले 6 घंटों में 7 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से लगभग उत्तर की ओर बढ़ा और रविवार सुबह देर से उसी इलाके में स्थिर हो गया। साइक्लोन के केंद्र से उत्तरी तमिलनाडु-पुडुचेरी तटों की सबसे कम दूरी लगभग 80 किलोमीटर है। यह कुड्डालोर से लगभग 100 किमी पूर्व-दक्षिणपूर्व और चेन्नई से 170 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व में केंद्रित है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले 24 घंटों के दौरान तूफान के उत्तरी तमिलनाडु-पुडुचेरी तटों के समानांतर लगभग उत्तर की ओर बढ़ने की बहुत अधिक संभावना है। उत्तरी तटीय तमिलनाडु-पुडुचेरी इलाके में 60-70 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जो 80 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती हैं। कुड्डालोर, नागपट्टिनम, मयिलादुथुराई, विल्लुपुरम, चेन्नई, कांचीपुरम और पुडुचेरी समेत 15 से अधिक जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

### तटीय जिलों में जलभराव और बचाव कार्य

हालत: कावेरी डेल्टा क्षेत्र, खासकर रामनाथपुरम और नागपट्टिनम जिलों में गंभीर जलभराव की सूचना मिली है। रामेश्वरम और नागपट्टिनम जैसे तटीय शहरों के निचले इलाके पानी में डूब गए हैं। राज्य के अधिकारियों ने एसडीआरएफ और एनडीआरएफ यूनिट्स सहित 28 आपदा प्रतिक्रिया टीमें तैनात की हैं। इसके अलावा, अन्य राज्यों से 10 और टीमों के पहुंचने की उम्मीद है। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सख्त सलाह दी गई है, क्योंकि समुद्र का जल स्तर अभी भी ऊंचा है।

# अनूपगढ़ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत भारतीय मुद्रा राशि सहित टॉप वांछित आरोपी सहित 2 को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ द्वारा जारी भारतीय मुद्रा के 500-500 के 88 जारी नोट कुल 44000 हजार रुपए सहित थाना के एनडीपीएस के टॉप -10 वांछित आरोपी सहित 2 गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कालूराम एएसआई जाब्ता के दौरान गस्त सरकारी नर्सरी नजदीक चक 5 एलएसएम बाण्डा गांव आरोपीगण हरविंदर सिंह उर्फ ताड़ी पुत्र धर्मसिंह जाति रायसिख उम्र 26 साल निवासी चक 5 एलएसएम बांण्डा पुलिस थाना अनूपगढ़ जिला श्रीगंगानगर व चन्द्रभान पुत्र बनवारीलाल जाति नायक उम्र 33 साल निवासी चक 5 एलएसएम बाण्डा पुलिस अनूपगढ़ की तलाशी ली तो हरविंदर सिंह के पहने हुए पेन्टी के दांती जेब में 500-500 रुपये के नोट मिले नोटो को गिना गया तो कुल 46 नोट है उक्त सभी नोट असली भारतीय मुद्रा के प्रतित हो रहे थे ,जिन पर हरे रंग के तार पर भारतीय मुद्रा दर्शाया हुआ दिखाई नहीं दे रहा है, जो पूर्णतया जारी भारतीय मुद्रा प्रतित हो रही है। इस प्रकार दोनों युवक हरविंदर सिंह व चन्द्रभान से जारी नोट कुल भारतीय मुद्रा राशि 44000 रुपये सहित गिरफ्तार किया गया , जिनके द्वारा अपने कब्जे में जाली भारतीय मुद्रा रखकर उसको बाजार में अवैध रूप से असल के रूप में चलन में लाने का प्रयास करना जूर्म धारा 318/4,178/1,179,180,182/1, बीएनएस 2023 के तहत दण्डनीय अपराध होने पर पुलिस थाना कोतवाली जिला श्रीगंगानगर नोडल थाना होने पर



मुकदमा नं 517/2025 बजुर्म धाराओं में पुलिस थाना कोतवाली श्रीगंगानगर में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर तफ्तीश उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार गोविंद सिंह पुलिस थाना अनूपगढ़ जिला श्रीगंगानगर के सुपुर्द की गई है। डॉअमृता दुल्हन पुलिस अधीक्षक श्रीगंगानगर के निर्देशानुसार व रामेश्वर लाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसिंहनगर ,प्रशांत कौशिक उपाधीक्षक अनूपगढ़ के निर्देशानुसार ईश्वर प्रसाद थानाधिकारी अनूपगढ़ के सुपरविजन में कालूराम टीम द्वारा दौराने गश्तश आरोपी मुस्लिम को गिरफ्तार किया गया। आरोपी हरविंदर सिंह उर्फ ताड़ी जो एनडीपीएस के मुकद्दमा थाना का टॉप -10 वांछित अपराधी है जो करीब 7 माह से फरार चल रहा था जिसके विरुद्ध एनडीपीएस के काफी मुकदमें दर्ज है।



## न रपट बनी और न सीसी रोड, लाखों का भुगतान उठा लिया

- शिकायतों के बाद हुई जांच तो खुला रायपुर पंचायत का घपला
- लाखों रुपए के गबन व अनियमितता के कार्य परत दर परत उजागर

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( जीतेश रावल )।** रेवदर पंचायत समिति के रायपुर में बगैर निर्माण कार्य भुगतान उठाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। वह भी एक-दो नहीं वरन् कई मामले सामने आए हैं। रायपुर ग्राम पंचायत में हुए कार्यों की शिकायत के बाद जांच शुरू हुई तो मामले परत दर परत खुलते गए। कहीं बगैर रपट बनाए ही भुगतान उठा लिया तो कहीं सीसी रोड के नाम पर भुगतान ले लिया। अनियमित तरीके से जमीनों के पट्टा वितरण, साफ-सफाई, सामग्री खरीदारी समेत कई अन्य मामले भी सामने आ रहे हैं, जिनमें बड़े स्तर पर भुगतान उठाया गया है। इसमें तत्कालीन सरपंच व प्रशासक छगनलाल एवं इस पंचायत में कार्यरत रहे ग्राम विकास अधिकारी हनुमानाराम, श्रवणकुमार व फाउलाल आदि के नाम शामिल हैं।

### जांच के लिए गठित की थी कमेटी

उल्लेखनीय है कि गत जुलाई माह में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व पंचायतराज मंत्री को इस सम्बंध में शिकायतें दी गई थी। मामले में जांच के आदेश जारी हुए तो विकास अधिकारी ने तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर जांच शुरू की। कमेटी की जांच के बाद विकास अधिकारी हेमाराम ने भी अपनी फाइनल रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### सामने आई इस तरह की अनियमितताएं

जांच में सामने आया कि पंचायत क्षेत्र में ओरण, गोचर व पड़त भूमि पर भी पट्टे काट दिए गए। आबादी भूमि में कटाव रोकने के लिए सुरक्षा दीवार बनाई गई, लेकिन मौके पर भूमि कटाव की कोई स्थिति नहीं है। इसी तरह खेत के पास एक रपट बनाना बताया गया, लेकिन मौके पर रपट ही नहीं है। एक जगह तीन टुकड़ों में सीसी रोड स्वीकृत किया गया, लेकिन इनमें से दो टुकड़े ही बनए गए और तीसरा बनाए बगैर ही भुगतान उठा लिया।

## मकान में चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( जीतेश रावल )।** आबूरोड रीको थाना क्षेत्र के सांतपुर में मकान में चोरी के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह चंपावत के अनुसार सांतपुर निवासी विकास पुत्र बसंतलाल ने रिपोर्ट देकर बताया था कि गत 26 अक्टूबर की रात को उसके मकान के ताले तोड़ अज्ञात लोग जेवरात व नकदी आदि चुरा ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। तकनीकी जांच व क्लू के आधार पर पुलिस ने तीन जनों को गिरफ्तार कर लिया। इसमें करोई फली निवासी प्रवीणकुमार उर्फ टाटिया पुत्र भीमाराम जोगी, दीपक पुत्र प्रभुराम जोगी, विनोद पुत्र रतननाथ जोगी शामिल है।

## नवनियुक्त प्रमुख शासन सचिव पर्यटन प्रवीण गुप्ता का स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान ने पर्यटन भवन जयपुर में नवनियुक्त प्रमुख शासन सचिव प्रवीण गुप्ता का स्वागत किया। फेडरेशन के उदयपुर संभाग अध्यक्ष राकेश चैधरी ने बताया कि इस अवसर पर होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के साथ-साथ पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी सेक्टर से जुड़े अन्य संगठनों और संस्थानों के पदाधिकारीयों ने भी स्वागत किया। साथ ही पर्यटन उद्योग के प्रतिनिधियों ने राजस्थान पर्यटन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। चर्चा में मुख्य रूप से राजस्थान के ऐसे पर्यटन स्थलों का प्रभावी प्रचार-प्रसार, जहाँ वर्तमान में पर्यटकों की संख्या अपेक्षाकृत कम है, राज्य की विरासत हवेलियों एवं ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कदम उठाना, डिजिटल, सोशल मीडिया एवं ऑनलाइन माध्यमों द्वारा राजस्थान के पर्यटन स्थलों का आधुनिक एवं आकर्षक प्रचार अभियान शुरू करना, होटल एवं पर्यटन परियोजनाओं में भू उपयोग परिवर्तन से जुड़ी जटिलताओं को दूर करने हेतु नीतिगत सुधार और समाधान तलाशना जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। स्वागत एवं चर्चा रचनात्मक एवं सकारात्मक संपन्न हुई तथा सभी ने पर्यटन विकास के लिए संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की।

## अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा प्रदेश टीम की घोषणा

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के संगठन के कार्य को संपूर्ण राजस्थान में विस्तार के लिए रविवार को पश्चिमी राजस्थान की नई टीम की घोषणा की गई। प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि जिसमें प्रमुख रूप से संरक्षक गोपाल अग्रवाल उदयपुर,वरिष्ठ उपाध्यक्ष सागरमल आबू रोड,महामंत्री ओमप्रकाश अग्रवाल गंगानगर, महामंत्री दिनेश बंसल नागौर, जिला मंत्री राकेश अग्रवाल उदयपुर, कोषाध्यक्ष विकास



अग्रवाल उदयपुर, उपाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल आबू रोड़, सत्य प्रकाश गुप्ता सुमेरपुर, महेश गोयल निंबाहेड़ा,गोविन्द अग्रवाल बांसवाड़ा, संगठन मंत्री रवि अग्रवाल पाली के अलावा कार्यकारणी सदस्य के रूप में सतीश चंद्र अग्रवाल उदयपुर,नरेश कुमार अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, रजनीश बंसल उदयपुर, राजेश सिंघल गंगानगर, मोहित गुप्ता गंगानगर, कुलदीप जालान नागौर, कमल मित्तल नागौर तथा जे पी गर्ग जोधपुर सहित 21 सदस्यों को कार्यकारिणी में शामिल किया गया। सभी ने समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया गया।

## एतिहासिक जहांगीर दरवाजा बना कबाड़ ठिकाना

# कबाड़ वाहनों से दबा है इतिहास

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भरतपुर जिले का बयाना उपखंड मुख्यालय बाणासुर की नगरी कहलाती है। इस ऐतिहासिक नगरी में अनेकों धार्मिक स्थान के अलावा पुराने मुगल साम्राज्य समय की ऐतिहासिक इमारतें स्थापित है खानवा का युद्ध इसी ऐतिहासिक नगरी के सहारे लड़ा गया था जिससे इसकी और भी ऐतिहासिकता बनी हुई है उपरांत इसके वर्तमान में यहां पुरातत्व की इमारतों के आसपास कचरे एवं नकारा वाहनों के ढेर लगे हैं। हिण्डौन-बयाना स्टेट हाईवे पर स्थित ऐतिहासिक जहांगीर दरवाजा इन दिनों अपनी खूबसूरती नहीं, बल्कि उसके सामने खड़े कबाड़ ट्रकों, कारों और मलबे के कारण सुर्खियों में है। कचहरी रोड पर कब्जा जमाए इन भारी वाहनों ने स्मारक की भव्यता ढक दी है और इसके संरचनात्मक स्वरूप पर भी खतरा खड़ा कर दिया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की संरक्षित सूची में शामिल होने के बावजूद यहां न तो संरक्षण साफ दिखाई देता है, न ही प्रभावी निगरानी। दरवाजे की चिनाई कई जगहों से टूट रही है और सामने खड़े वाहनों से स्मारक की कंपन और धूल के असर से स्थिति और खराब हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस स्मारक को स्वच्छ व सुरक्षित परिधि चाहिए, उसका परिसर कबाड़खाने में बदल चुका है। पर्यटक भी भारी वाहनों की वजह से दरवाजे का वास्तविक स्वरूप देख नहीं पाते।

स्थानीय लोग बताते हैं कि कुछ माह पहले यहीं खड़े एक कबाड़ ट्रक में लगी आग से स्मारक को नुकसान हुआ था, जो एएसआई कुंजीलाल शर्मा के अनुसार पुलिस प्रशासन द्वारा मुकदमों में जब्त किए गए ट्रक और वाहन यहां खड़े किए जाते हैं। कई बार हटाने की मांग के बावजूद कोई कदम नहीं उठाया गया।

## डॉ. ऋतु वैष्णव रोटरी में डिप्टी डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी बनीं

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब उदय की पूर्वाध्यक्ष डॉ. ऋतु वैष्णव को रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3056 के लिए वर्ष 2026-27 में डिप्टी डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है।



डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अरुण बगड़िया ने अपनी टीम की घोषणा करते हुए कहा कि डॉ. ऋतु वैष्णव ने अब तक रोटरी सेवा में उत्कृष्ट योगदान दिया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी वर्ष में वे डिस्ट्रिक्ट के लिए एक मील का पत्थर सिद्ध होंगी और रोटरी जगत में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करेंगी। इस उपलब्धि पर रोटरी क्लब उदय के प्रेसिडेंट राघव भटनागर, क्लब एडवाइजर सीमा सिंह, असिस्टेंट गवर्नर राजेश चुघ, चार्टर प्रेसिडेंट शलिनी भटनागर सहित सभी सदस्यों ने डॉ. ऋतु वैष्णव को हार्दिक बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ दीं। डॉ. ऋतु वैष्णव ने बताया कि उनके पति भी सीनियर रोटेरियन हैं और वर्तमान में डिस्ट्रिक्ट में आरएमबी चेयर के रूप में सेवा दे रहे हैं। उनके निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन से ही वे रोटरी कार्यों में समर्पित योगदान दे पा रही हैं। डिस्ट्रिक्ट के सभी रोटेरियन साथियों ने भी डॉ. ऋतु वैष्णव को इस महत्वपूर्ण दायित्व हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित की।

## जन्मोत्सव पर पौधारोपण व पर्यावरण संरक्षण की अनोखी पहल

### नंगे पैर यात्री दीप सिंह शेखावत ने दिया जल-जंगल-जमीन बचाने का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** सत्ताइसा क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित पानी पेड़ प्रकृति बचाओ अभियान के संयोजक, नंगे पैर यात्री व पर्यावरणविद् दीप सिंह शेखावत ने एक अनोखी पहल कर क्षेत्र में मिसाल कायम की है। शेखावत ने नवजात बालिका के जन्मोत्सव को पर्यावरण बचाओ संदेश से जोड़ते हुए क्षेत्रवासियों को जल एवं प्रकृति संरक्षण का संकल्प दिलाया। कूनेड निवासी भामाशाह एवं समाजसेवी मंगल चंद-महेश चंद यादव परिवार में युवा उद्यमी कुलदीप यादव एवं पूजा यादव के यहाँ जन्मी बालिका त्विषा यादव के आगमन पर परिवार ने बेटी को बेटे के समान सम्मान देते हुए कुआँ पूजन, प्रीतिभोज एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का सार्थक संदेश दिया। बालिका जन्मोत्सव पर नंगे पैर यात्री दीप सिंह शेखावत ने पानी-किसानी-जवानी संवेदना यात्रा के संरक्षक किशनलाल गुरुजी के नेतृत्व में परिवार को फलदार और छायादार पौधे भेंट किए। उन्होंने इसे बेटी जन्मोत्सव का पर्यावरण हित में अद्वितीय उदाहरण बताया। कार्यक्रम में शेखावत ने उपस्थित गणमान्य नागरिकों को वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, और कार्बन उत्सर्जन के खतरों से अवगत कराते हुए प्लास्टिकखोरी, प्रदूषणखोरी, जहरखोरी, और मिलावटखोरी को त्यागने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित पर्यावरण देना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। शिक्षाविद् किशनलाल गुरुजी ने कहा कि पोती के जन्म उत्सव पर पेड़ों का मायरा देकर परिवार ने समाज में एक अनोखा संदेश दिया है।

इस प्रेरणादायक आयोजन में किशनलाल गुरुजी, रामेश्वर बाजिया (रिटायर्ड सीआई), नगरपालिका ईओ विशाल यादव, सूबेदार सूरजमल यादव, रामेश्वर भाटिया, महेश यादव, मंगल चंद यादव, बलराम यादव, डॉ. विकास, डॉ. पंकज, डॉ. नीलेश, पूर्व सरपंच धर्मपाल यादव सहित सैकड़ों ग्रामीणजन व अतिथिगण मौजूद रहे।

## थाना परिसर में सीआई भजनाराम का सम्मान, ग्रामीणों ने समस्याएँ रख कर मांगा समाधान

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** थाना परिसर प्रागपुरा में रविवार को थाना प्रभारी सीआई भजनाराम का ग्रामीणों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा माला व साफा पहनाकर गर्मजोशी से अभिनंदन किया। सम्मान समारोह के दौरान थाना प्रभारी के बेहतरीन नेतृत्व, पुलिस प्रशासन के सहयोग तथा इलाके में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के प्रयासों की सराहना की गई। रामसिंह सिसोदिया और प्रागपुरा कस्बा निवासी पप्पू स्वामी ने बताया कि सम्मान के उपरांत ग्रामीणों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से सीआई भजनाराम को अवगत कराया। लोगों ने बताया कि कस्बे में बढ़ती यातायात समस्याएँ, ग्रामीणों की सुरक्षा, मुख्य बाजार में निगरानी व्यवस्था और सार्वजनिक स्थानों पर व्यवस्था सुधार की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। सीआई भजनाराम ने सभी सुझावों और शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## अंतरराष्ट्रीय शांति मंच पर भारत-नेपाल की ऐतिहासिक साझेदारी

### काठमांडू में 51 भारतीय प्रतिभाओं को मिलेगा 'एशिया कॉन्टिनेंट अवॉर्ड'

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भारत-नेपाल के गौरव को वैश्विक पटल पर नई पहचान दिलाने वाले अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच एवं इंडो-नेपाल समरसता ऑर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में नेपाल की राजधानी काठमांडू में नेपाल सरकार की आधिकारिक उपस्थिता? में विश्व शांति समरसता सम्मेलन का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह अत्यंत महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय आयोजन 28 एवं 29 दिसम्बर को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती महोत्सव के समापन अवसर पर आयोजित किया जाएगा।

मंच के संयोजक एवं नेपाल के प्रथम उपराष्ट्रपति के विशिष्ट सलाहकार एडवोकेट कुलदीप प्रसाद शर्मा ने बताया कि विश्व रत्न स्व. महावीर प्रसाद टोरड़ी द्वारा प्रारंभ की गई वैश्विक समरसता यात्रा को नई ऊँचाइयाँ देने में मंच के प्रेरक सदस्यों ने उल्लेखनीय योगदान दिया है। नेपाल राष्ट्र के जगतगुरु शिव शक्ति बाबा ने इस आयोजन को भारत-नेपाल की वैदिक सांस्कृतिक विरासत को विश्व पटल पर स्थापित करने का सशक्त प्रयास बताया। मंच के प्रेरणा स्रोत प्रसिद्ध विधिवेत्ता डॉ. हुकुम चंद गणेशिया ने बताया कि नेपाल सरकार के प्रथम उपराष्ट्रपति न्यायमूर्ति परमानंद झा भारत की 51 विशिष्ट प्रतिभाओं को एशिया कॉन्टिनेंट अवॉर्ड से सम्मानित करेंगे।

### सम्मानित प्रतिभाओं में शामिल हैं-

सत्येन्द्र पन्नू (पंजाब),डॉ. धर्मपाल ज्योतिषी (जयपुर), हवासिंह आर्य (चुरू), सुमन विजयवर्गीय (जयपुर), हरनेक सिंह (पंजाब), बीना कुमारी (जयपुर), आशा डामोर (डूंगरपुर), गोपेश शर्मा (उदयपुर), श्री 1008 रामनाथ महाराज (सिरोही), जसप्रित कौर छीना (पंजाब), डॉ. एस.के. सरकार (अलवर), डॉ0 बिजोली सरकार (अलवर), सवेन्द्रजीत सिंह (ब्यावर), शांति नाथ जोशी (बीकानेर), डॉ. भूदत्त शर्मा (उ.प्र.), डॉ. तुहिना प्रकाश शर्मा (अजमेर), रूप सिंह (ब्यावर), एम. देवराज जैन (चेन्नई), गुलाब सिंह भाटी (फलौदी), रमेश चंद्र नागर (कोटा), सुरेश पूनिया (झुंझुनूं), शिवशंकर जोशी (छत्तीसगढ़), बंशीधर रूंडला (जयपुर), वैद्य श्याम सुंदर पारीक (झुंझुनूं), हरजीत मिगलानी (श्रीगंगानगर), राधेश्याम बत्रा (अनूपगढ़), बलोदा राकेश कुमार (सीकर), रामचंद्र यादव (जयपुर), डॉ. राजेंद्र बाबूलाल दुग्गड़ (महाराष्ट्र), डॉ. अनिल शर्मा (झुंझुनूं)।

समारोह रूसी दूतावास के अधीनस्थ रूसी कल्चर सेंटर में आयोजित होगा, जिसमें 25 राष्ट्रों के राष्ट्रीय ध्वजों का नागरिक अभिनंदन समारोह भी शामिल रहेगा। कार्यक्रम संयोजक युवराज आचार्य के अनुसार सभी प्रतिभागियों को परंपरागत रूप से पीले चावल देकर आमंत्रित किया जाएगा।

## जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता ने कराया प्रशासकों व ग्रामीणों पर मुकदमा

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ पंचायत समिति में विडीयो को निलंबित करने की मांग को लेकर उनके विरोध में अब कानून कार्रवाई का रूप ले लिया है। गांव 3 एनडी व 10 एलम में 25 नवम्बर श्याम को प्रशासक, प्रशासक प्रतिनिधि और की ग्रामीण जलदाय विभाग की टंकियों पर चढ़ गये। इस कार्य में विभाग द्वारा राज कार्य में बाधा पहुंचाने और माहौल खराब करने की कार्रवाई बताते हुए पुलिस थाना अनूपगढ़ में मुकद्दमा दर्ज कर लाया है। अनिष्ट अभियंता अंकित कुमार की रिपोर्ट के आधार पर 25 नवम्बर की श्याम को करीब 6 बजे यह धटना हुई,जब अचानक ग्रामीण विडीयो के निलंबन की मांग को लेकर टंकियों पर चढ़ गये। उस समय गांव 10 एलम में विभागीय कर्मचारी महेंद्र और 3 एनडी में श्रवण मौजूद थे। जिन्होंने लोगों को रोकने की कोशिश की लेकिन प्रदर्शकारी इन की बात को अनसुनी कर दी। और वह टंकी पर चढ़ गये। जिसके चलते सरकारी कार्य प्रभावित हुआ। इस पर थाना प्रभारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने जलदाय विभाग की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है व अनुसंधान जारी है। व शुरू कर दिया गया है। एफआईआर में आठ आदमियों के नाम दर्ज किए गए हैं जिन पर राज कार्य बाधा उत्पन्न करने और माहौल खराब करने और विभागीय कर्मचारियों के आदेशों की अवेहलना करने का आरोप लगाया गया है।

## गो सवामणी कर मनाया जन्मदिन



बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** शहर की आर्यन स्कूल के पास स्थित सीताराम गौशाला कुआं पर रविवार को एक व्यक्ति ने अपना जन्मदिन गौशाला में गो सवामणी कर मनाया। गौशाला कुआं के संचालक कन्हैया वकील ने बताया कि रविवार को सुबह राम अवतार कीकरतला ने अपना 68 व जन्मदिन गौशाला में आकर गो सवामणी कर मनाया। इस दौरान कीकरतला ने अपने हाथों से गायों को विशेष औषधि से युक्त दलिया खिलाया। राम अवतार कीकरतला ने बताया कि युवा विकास मंच के तत्कालीन अध्यक्ष गोविंद शर्मा द्वारा 15 अप्रैल 2020 को गौशाला की गायों के लिएप्रारंभ की गई पहल का अनुसरण करते हुए अपना 68 वां जन्मदिन सपरिवार गौशाला में ही मनाने का निश्चय कर आज गौशाला में गो सवामणी की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि गौशाला में गायों के बीच अपना जन्मदिन मनाकर गौ माता की सेवा करने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ साथ ही सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने की यह अनुपम पहल है। इस दौरान गौशाला टीम की ओर से उनका स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया इस अवसर पर कमल कांत मिश्रा, जितेंद्र तिवारी, नाथूलाल काबरा, ज्ञानप्रकाश प्रहलादका, प्रेम तिवारी तन सिंह शेखावत, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## अधिवक्ताओं के वाहनों को टोल टैक्स मुक्त किये जाने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** जिला अभिभाषक संघ कोटपूतली-बहरोड़ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, केन्द्रिय सडक़, राजमार्ग एवं भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, पीडब्ल्यूडी मंत्री डिप्टी सीएम दिया कुमारी, एनएचएआई निदेषक, पीडब्ल्यूडी शासन सचिव आदि को पत्र लिखकर केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित नेषनल व स्टेट हाईवे के टोल बूथों एवं नाकों पर अधिवक्ताओं के वाहनों को टोल मुक्त किये जाने की मांग की हैं। पत्र में तंवर ने लिखा हैं कि चिकित्सा सेवाओं की तरह न्याय भी एक अतिआवष्यक सेवा हैं। जिसको लेकर अधिवक्ता प्रदेष के विभिन्न जिलों से जयपुर व जोधपुर स्थित राजस्थान हाईकोर्ट, विभिन्न न्यायालयों, जिला न्यायालयों, ट्रिब्यूनल एवं देष की राजधानी दिल्ली स्थित सुप्रीम कोर्ट तक भी आते-जाते हैं। इस दौरान विभिन्न मुकदमों की तारिखे नियमित चलने के कारण अधिवक्ताओं को भी नियमित आवागमन करना पड़ता हैं। जिसके कारण उन्हें बार-बार टोल टैक्स देना पड़ता हैं। जिसका अति भार भी कहीं ना कहीं आम आदमी व पक्षकारान की जेब पर ही भारी पड़ता है। यही नहीं लोक हित में व निःषुल्क पैरवी करने वाले अधिवक्ताओं को भी यह शुल्क जेब से भरना पड़ता है। जिसकी वजह से न्याय व्यवस्था सुलभ के स्थान पर कठिन बनने का कारक यह टोल टैक्स भी पड़ रहा है। पत्र में तंवर ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित नेषनल व स्टेट हाईवे समेत अन्य सडक़ों पर स्थित समस्त टोल नाकों व बूथों पर अधिवक्ताओं के वाहनों का निःषुल्क आवागमन शुरू करवाये जाने की मांग की है। पत्र में लिखा है कि अधिवक्ता द्वारा किसी भी अभिभाषक संघ में पंजीकृत अधिवक्ता का पहचान पत्र दिखाये जाने पर उसके वाहन को टोल मुक्त किया जावें।

## सर्व ब्राह्मण वरिष्ठ जन एवं मातृशक्ति सम्मान समारोह- 2026 पर चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)** । सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर देहात की बैठक महासभा कार्यालय में जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा के मुख्य आथित्य एवं जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष तिवारी के अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला कोषाध्यक्ष गजानंद शर्मा एवं जिला उपाध्यक्ष मुकेश मेहता ने बताया कि बैठक में महासभा द्वारा आगामी 18 जनवरी 2026 को श्री ठाकुर जी मंदिर राधाकिशनपुरा में आयोजित होने वाले राधाकिशनपुरा मंडल के सर्व ब्राह्मण वरिष्ठ जन एवं मातृशक्ति सम्मान समारोह पर चर्चा परिचर्चा हुई एवं आगे की रूपरेखा तैयार की गई । आमेर तहसील अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा एवं आईटी प्रभारी शिवकुमार पारीक ने बताया कि समारोह के लिए राजेश कुमार शर्मा, शंकर खांडल, विनोद बागड़ा एवं रवि शर्मा को कार्यक्रम संयोजक बनाया गया । सुभाष तिवारी एवं बनवारी लाल शर्मा को प्रभारी एवं गजानंद शर्मा को समन्वयक बनाया गया । इस अवसर पर नवनियुक्त चौमूं महिला प्रकोष्ठ प्रभारी कृष्णा शर्मा का महासभा द्वारा स्वागत किया गया । जिला महामंत्री कैलाश शर्मा ने बताया कि समारोह 75 वर्ष से अधिक आयु के राधा किशनपुरा मंडल के समाज बंधुओ एवं किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृशक्ति का अभिनंदन किया जाएगा।

## स्वैच्छिक योग एवं मेडिटेशन शिविर का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)** । शहर के राजकीय उप जिला चिकित्सालय चौमू में एक बार फिर नवाचार किया गया। इसके तहत संस्था प्रभारी डॉक्टर अजीत सिंह शेखावत के नेतृत्व एवं योग शिक्षक रितेश भंडारी के निर्देशन में शनिवार को स्वैच्छिक योग एवं मेडिटेशन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के अनेक अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लेकर योग एवं मेडिटेशन शिविर का लाभ उठाया और संदेश दिया गया कि आज की भाग दौड़ वाली जिंदगी में योग एवं मेडिटेशन के जरिए भी स्वस्थ शरीर कायम रखा जा सकता है।

**43 लाख से ज्यादा परिगणना पत्रों का डिजिटलाइजेशन**

# जयपुर जिले में 90 फीसदी से अधिक परिगणना प्रपत्र डिजिटल

### जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी बेहतर प्रदर्शन के लिए कर रहे प्रेरित

### उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 3 ईआरओ एवं 99 बीएलओ को किया जा चुका है सम्मानित





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** जयपुर जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत परिगणना कार्य प्रगति पर है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जयपुर जिले में 90 फीसदी से अधिक परिगणना प्रपत्रों को डिजिटलाइजेशन किया जा चुका है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी निरंतर कार्यक्रम की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। 30 नवंबर 2025 को सांय 4 बजे तक 43 लाख 59 हजार 156 यानी 90 फीसदी से अधिक परिगणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी सभी ईआरओ एवं बीएलओ को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित कर रहे हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बस्सी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी डॉ. गरिमा शर्मा, शाहपुरा निर्वाचक पदाधिकारी श्री संजीव कुमार खेदर एवं दूदू निवार्चक पदाधिकारी श्री रमेश कुमार सहित शत प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का लक्ष्य हासिल करने वाले प्रथम 99 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जा चुका है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मेघराज मीणा ने बताया कि जयपुर जिले में सभी बीएलओ भारतीय निर्वाचन आयोग के भावना के अनुसार पूर्ण उत्साह के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य कर रहे हैं यही कारण है कि जिले के 1 हजार 403 बीएलओ शत प्रतिशत ?परिगणना पत्रों का डिजिटलाइजेशन का लक्ष्य हासिल कर चुके हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने न केवल उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की मुक्तकंठ से सराहना की, बल्कि यह भी कहा कि उनकी यह प्रतिबद्धता पूरे जिले के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने आग्रह किया कि वे अपने अनुभव, ऊर्जा और कार्यकुशलता से अन्य साथियों को प्रेरित कर उन्हें भी लक्ष्य प्राप्ति में मार्गदर्शन दें, ताकि पूरे जिले में पुनरीक्षण अभियान की गति और अधिक मजबूत एवं प्रभावशाली रूप में आगे बढ़ सकें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील है कि वे अपने तथा अपने परिवारजनों के परिगणना प्रपत्र अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन भरकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें।

## प्रभु परमात्मा की जानकारी से ही मुक्ति संभव : सतगुरु माता सुदीक्षा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन अध्यक्षता में राजस्थान की राजधानी जयपुर में निरंकारी संत समागम का भव्य आयोजन अत्यंत श्रद्धा, प्रेम और आध्यात्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। जयपुर सहित अनेक जिलों से हजारों श्रद्धालुओं ने समागम में पहुँचकर सत्संग का लाभ प्राप्त किया तथा सतगुरु के प्रेरणादायी प्रवचनों से जीवन को आत्मिक दिशा देने का संकल्प लिया।

विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित इस विराट समागम में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने हजारों भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि जब मनुष्य प्रभु परमात्मा की वास्तविक जानकारी प्राप्त कर लेता है, तो उसके भीतर के भेदभाव समाप्त हो जाते हैं। हृदय विशाल हो जाता है और समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपना ही प्रतीत होने लगता है। मानव जीवन का उद्देश्य इसी परमात्मा को पहचानकर जीवन को सफल बनाना और भक्ति को प्राथमिकता देना है, जिससे मन की अवस्था स्वतः आनंदमय हो जाती है। सतगुरु माता जी ने कहा कि संत-महात्मा सदैव आत्ममंथन करते हैं। वे दूसरों में दोष ढूँढने के बजाय अपने भीतर कमियों को पहचानकर उन्हें दूर करने हेतु प्रयत्नशील रहते हैं। सच्चा भक्त कभी किसी पर उंगली नहीं उठाता, बल्कि स्वयं के भीतर झाँककर सुधार का मार्ग अपनाता है। माता जी ने कहा कि हमें यह भी देखना चाहिए कि हम आग लगाने वालों की श्रेणी में आते हैं या आग बुझाने वालों की। जीवन में परमात्मा को शामिल कर प्रेमा-भक्ति में लगना ही मनुष्य का वास्तविक आभूषण है। जब हृदय प्रेममय हो जाता है तो भीतर की कटुता स्वतः समाप्त हो जाती है।

भक्त अपने जीवन से यही संदेश देते आए हैं कि सेवा, प्रेम और आपसी सद्भाव के माध्यम से परमात्मा से संबंध और गहरा होता जाता है। प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक चले इस समागम में जयपुर के अलावा आस पास के कई जिलों से हजारों की संख्या में निरंकारी भक्त सदगुरु के दिव्य दर्शनों हेतु पहुंचे थे। इस विशाल समागम का दृश्य देखने पर ही बन रही थी जहां एक तरफ लम्बी लम्बी नमस्कार की लाइनें थी तो वहीं बड़े से पंडाल में हजारों भक्त परिवार शांत मन से अपने सदगुरु के दर्शन कर रहा था। स्टेडियम के चारों तरफ लगे अनेक व्यवस्थाओं के कियोस्क लगे थे जिसके द्वारा समागम में सभी व्यवस्थाएं सुलभ हो रही थी। समागम के दौरान सेवा करती हजारों की तादाद में निरंकारी सेवादल के वॉलंटियर खाकी वर्दी में पुरुष और नीली वर्दी में महिलाएं अपनी अलग ही छाप छोड़ रही थीं। वहीं ग्राउंड में प्रकाशन के स्टाल पर निरंकारी प्रकाशन खरीदते लोगों को अधिक मात्रा में देखा गया।

इस अवसर पर सुनील बाली जोनल इंचार्ज जयपुर ने अपनी और संगत की तरफ से सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और निरंकारी राजपिता रमित जी के गुलाबी नगर जयपुर आगमन पर आभार और धन्यवाद किया।

## SC के निर्णय को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) जयपुर द्वितीय के पदाधिकारीयों ने सांसद को ज्ञापन सौंपा



बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)** । राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) जिला जयपुर द्वितीय जिलाध्यक्ष चौथमल कुमावत के नेतृत्व में सांसद राव राजेंद्र सिंह जयपुर ग्रामीण को ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष चौथमल कुमावत ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के टेट निर्णय से कक्षा 1 से 8 तक के कार्यरत सभी शिक्षकों के लिए नियुक्ति की तिथि चाहे जो भी रही हो शिक्षक पात्रता परीक्षा को अनिवार्य कर दिया गया है।

इस निर्णय से प्रदेश सहित देश के लगभग 20 लाख शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, आजीविका और पदोन्नति पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है विदित है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 तथा एनसीटीई की अधिसूचना दिनांक 23 अगस्त 2010 के अंतर्गत वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को विधिक रूप से श्रेणी में रखा जाया गया था जबकि 2010 के बाद नियुक्त शिक्षकों के लिए निर्धारित अवधि में टेट उत्तीर्ण करना आवश्यक था ।

नवीन निर्णय में इन दोनों श्रेणियां के मध्य स्पष्ट विधिक अंतर की उपेक्षा की गई है। ऐसी स्थिति में न्यायिक निर्णय सभी वैधानिक एवं प्रशासनिक भेदों की भी उपेक्षा कर दी है जिसके कारण राज्य द्वारा जारी टेट अनिवार्यता की प्रथम अधिसूचना से पूर्व विधि पूर्वक नियुक्त शिक्षकों का दर्जा संकट में आ गया है । इस कारण प्रभावित शिक्षक गहन तनाव , असमंजस और असुरक्षा का अनुभव कर रहे हैं। यह स्थिति ने केवल शिक्षकों के मनोबल को कम रही है बल्कि विद्यालय शिक्षा की स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव डालने की आशंका भी उत्पन्न कर रही है। इस विषय को लेकर संगठन ने सांसद एवं अन्य उचित मंचों पर उठाकर शिक्षकों के हित में उचित समाधान सुनिश्चित करने के लिए ज्ञापन दिया गया । ज्ञापन में जिला जयपुर द्वितीय का प्रतिनिधि मंडल देने में जयपुर संभाग मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश टेलर, जिला संगठन मंत्री अजय कुमार शर्मा, जिला महिला मंत्री सुनीता शर्मा, जिला वरिष्ठ अध्यापक प्रतिनिधि अनिल कुमार शर्मा, रोहिताश दादरवाल , राजेश कुमार वशिष्ठ, अरविंद महरिया आदि पदाधिकारी मौजूद थे।

## नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट 'मिस उर्वशी सीजन 4' में मिस कैटेगरी की फीमेल मॉडल्स ने किया पार्टिसिपेट



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** बनी पार्क स्थित कैफे में एलीट प्रोडक्शन हाउस की ओर से आयोजित किए जा रहे नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट 'मिस उर्वशी - सीजन 4' के जयपुर ऑडिशन का आयोजन किया गया। जिसमें जयपुर की मिस कैटेगरी की फीमेल मॉडल्स ने पार्टिसिपेट किया।

आयोजक वीरेंद्र अग्रवाल और शो डायरेक्टर रचना चौधरी ने बताया कि इस बार प्रतियोगिता की थीम 'द गेटवे टू बॉलीवुड' रखी गई है। जिसका मकसद देशभर की प्रतिभाशाली युवतियों को मनोरंजन जगत की मुख्यधारा से जोडऩा है। आज इस ऑडिशन में ब्लैक वन-पीस ड्रेस कोड में 17 से 28 वर्ष आयु वर्ग की मॉडल्स ने रैंप पर अपने टैलेंट को दर्शाया। मिस उर्वशी पूरी तरह से नेशनल लेवल का शो है, पूरे देश से लगभग 100 शॉर्टलिस्टेड मॉडल्स ऑडिशन राउंड में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। ऑडिशन के बाद प्रतिभागियों के लिए 5 दिनों का ग्रूमिंग सेशन, फोटोशूट, टैलेंट राउंड और कई विशेष गतिविधियां आयोजित की जाएँगी। शो का ग्रैंड फिनाले 31 दिसंबर को बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने आगे बताया कि मिस उर्वशी का सबसे बड़ा आकर्षण है कि विजेताओं को सीधे आगामी बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स में काम करने का मौका मिलेगा।

यह पेजेन्ट उन सभी टैलेंटेड लड़कियों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो आर्थिक कारणों से बड़े मंचों पर हिस्सा नहीं ले पातीं। खास बात यह है कि यह पूरा शो पूरी तरह से फ्री ऑफ कॉस्ट आयोजित किया जा रहा है, ताकि हर संभावित प्रतिभागी बिना किसी शुल्क के अपना सपना पूरा कर सके। इस ऑडिशन में बतौर जज जूरी पैनल मिस उर्वशी रनर-अप 2024 ममता खीची और शो डायरेक्टर रचना चौधरी उपस्थित रहे।

**कुल 35 हजार 763 प्रतिभागियों ने भाग लिया**

# 19 वीं नेशनल जम्बूरी में कल्याणपुरा कलां के स्काउट्स का उत्कृष्ठ प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** लखनऊ में 23 से 29 नवंबर तक आयोजित 19 वीं नेशनल स्काउट-गाइड जम्बूरी में कोटपूतली स्थानीय संघ के ग्रुप राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुरा कलां के स्काउट्स ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर जिले व प्रदेश का नाम गर्व से ऊंचा किया हैं। इस जम्बूरी में 07 देशों तथा भारत के 35 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 35 हजार 763 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मिजोरम के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित कई केंद्रीय व राज्य मंत्री उपस्थित रहे। स्काउट मास्टर राजवीर यादव के नेतृत्व में कल्याणपुरा कलां के 08 स्काउट्स आशीष गुर्जर, शुभम, गोलू गुर्जर, अशोक कुमार, अभिषेक आर्य, गोपाल आर्य, लोकेश आर्य, महेश गुर्जर ने कैम्प क्राफ्ट में अपनी रचनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन किया। स्काउट्स द्वारा तैयार किये गये मटका स्टैंड, अलमीरा, डाइनिंग टेबल, परिंदा स्टैंड, चेयर, हैंगर, मिरर स्टैंड, जूता स्टैंड, बैग स्टैंड, कपड़ा स्टैंड, तौलिया स्टैंड, क्ले ओवन, लेक्चरर स्टैंड, संदूक स्टैंड, प्रोजेक्ट स्टैंड, मुख्य गेट सजावट व रंगोली जम्बूरी में विशेष आकर्षण का केंद्र बने। जम्बूरी से लौटने पर स्थानीय संघ कोटपूतली व विराटनगर द्वारा स्काउट्स एवं स्काउट मास्टर का संयुक्त रूप से भव्य सम्मान किया गया। स्काउट्स को माला पहनाकर, साफा बांधकर तथा अभिनंदन कर उनका मनोबल बढ़ाया गया।

स्थानीय संघ सचिव रामबीर यादव ने कहा कि कल्याणपुरा कलां के इन स्काउट्स ने राष्ट्रीय स्तर पर जो उपलब्धि हांसिल की है, वह पूरे क्षेत्र के गौरव का विषय है। कठिन प्रशिक्षण, अनुशासन व टीमवर्क की बदौलत बच्चों ने यह सफलता अर्जित की है। उन्होंने दोनों स्थानीय संघों द्वारा किये गये अभिनंदन व प्रोत्साहन को भी प्रेरणादायक बताया। इस दौरान विराटनगर सचिव फूलचंद मीणा, सहायक सचिव प्रशिक्षण कमलेश कुमार, प्राचार्य ख्यालीराम सैनी, रोहिताश सैनी, अतुल कुमार आर्य, संदीप कुमार जांगिड़, प्रधानाचार्य दौलत कुमार वर्मा, रामकरण यादव, राजेश यादव उपप्राचार्य सहित बड़ी संख्या में स्काउट मास्टर्स उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# चलनी चाहिए संसद, चर्चा से ही होगा समाधान

संसद के शीतकालीन सत्र के पहले आयोजित सर्वदलीय बैठक में विपक्ष की ओर से जो कुछ कहा गया, उससे यही साफ हुआ कि इस सत्र में अन्य अनेक मुद्दों के साथ मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर का मुद्दा जोर-शोर से उठेगा। विपक्ष को संसद में किसी भी मुद्दे को उठाने का अधिकार है, लेकिन आखिर विपक्षी दल एसआइआर को लेकर सरकार से ऐसा क्या जानना चाहते हैं, जो उन्हें नहीं ज्ञात? यह भी ध्यान रहे कि यह सरकार की ओर से संचालित प्रक्रिया नहीं है। इसे तो चुनाव आयोग अपने संवैधानिक अधिकार के तहत करा रहा है और इसलिए करा रहा है, क्योंकि बीते लगभग दो दशक में इसे नहीं किया गया। इसके कारण मतदाता सूचियों में उन तमाम लोगों के नाम दर्ज हैं, जो या तो मर गए अथवा अन्यत्र चले गए। इसके अलावा कई नामों का दोहराव है। मतदाता सूचियां तभी ठीक हो सकती हैं, जब एसआइआर कराया जाए, लेकिन विपक्षी दलों को इस पर ही आपत्ति है। यह कोई बात नहीं हुई कि मतदाता सूचियों को दुरुस्त करने की मांग भी की जाए और एसआइआर पर आपत्ति भी उठाई जाए। विपक्ष इससे अनभिज्ञ नहीं हो सकता कि बिहार में एसआइआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट में लंबी सुनवाई के दौरान उनके वकीलों की ओर से इस संवैधानिक प्रक्रिया के विरोध में जो भी दलीलें दी गईं, वे ठहर नहीं सकीं।



इसी कारण बिहार में एसआइआर की प्रक्रिया संभव हो सकी। हालांकि विपक्ष 12 राज्यों में जारी एसआइआर का भी विरोध कर रहा है, लेकिन इसके कहीं कोई संकेत नहीं कि वह उसे रुकवा सकेगा। संसद के इस सत्र में विपक्ष एसआइआर पर जैसे चाहे वैसे सवाल उठा सकता है, लेकिन ऐसा करते हुए उसे ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए जिससे संसदीय कार्यवाही बाधित हो। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अब कोई मुद्दा उठाने अथवा सवाल पूछने के नाम पर ऐसी परिस्थितियां पैदा कर दी जाती हैं जिससे सदन की कार्यवाही चलाना मुश्किल हो जाता है। विपक्षी दलों के नेता भले ही अपनी बात की सुनवाई न होने की शिकायत करते हों, लेकिन सच यह है कि वे चाहते ही नहीं कि उनकी ओर से उठाए गए किसी मुद्दे पर सदन में कोई गंभीर चर्चा हो सके। चूंकि अब संसद का प्रत्येक सत्र हंगामे के लिए जाना जाता है, इसलिए संसद को चलाने के कुछ नए तौर-तरीके अपनाने होंगे। उचित यह होगा कि संसद की कार्यवाही चलाने के लिए कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में जो कुछ तय होता है, उसका विवरण भी सार्वजनिक किया जाए। ऐसे किसी उपाय की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि कार्य मंत्रणा समिति में बनी सहमति सदन के पटल पर कहीं नजर नहीं आती। यदि संसद चलाने के नए तौर-तरीके नहीं खोजे गए तो उसका चलना मुश्किल ही होगा।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 01 दिसम्बर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1640 - स्पेन से 60 वर्षों की गुलामी के बाद पुर्तग़ाल स्वतंत्र हुआ।
- 1933 - कोलकाता और ढाका के बीच विमान सेवा की शुरूआत हुई।
- 1959 - अंटार्कटिका के शांतिपूर्ण वैज्ञानिक इस्तेमाल के लिए 12 राष्ट्रों ने संधि पर हस्ताक्षर किये।
- बाहरी अंतरिक्ष से पृथ्वी का पहला रंगीन फोटो लिया गया।
- 1963 - नागालैंड भारत का 16वां राज्य बना।
- 1974 - वर्जीनिया के अपरविले में बोइंग 727 विमान दुर्घटनाग्रस्त, 92 की मौत।
- 1976 - अंगोला संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना।
- बंगलादेश में जनरल जियाउर रहमान खुद को राष्ट्रपति घोषित किया।
- 1987 - अफ़ग़ानिस्तान के नये संविधान के अंतर्गत डाक्टर नजीबुल्लाह राष्ट्रपति निर्वाचित।
- 1988 - पाकिस्तान में आपातकाल की समाप्ति तथा राष्ट्रपति गुलाम इशहाक ख़ान ने बेनजीर भुट्टो को प्रधानमंत्री नियुक्त किया।
- बंगलादेश में चक्रवात से 596 लोगों की मौत हुई, पांच लाख लोग बेघर हुए।
- 1991 - एड्स जागरूकता दिवस की शुरुआत हुई।
- 1992 - दक्षिण कोरिया एवं दक्षिण अफ़्रीका में राजनयिक संबंध स्थापित।
- 1997 - चेचेन्या को विदेशी नागरिकों के लिए निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया गया।
- 2000 - संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने तालिबान पर शस्त्र प्रतिबंध का समर्थन किया।
- 2001 - अफ़ग़ानिस्तान कंधार एयर पोर्ट पर तालिबान विरोधी कबालियों का कब्ज़ा।
- 2002 - आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड से लगातार आठवीं बार एशेज टेस्ट श्रृंखला जीती।

## विशेष आलेख

# 1984 में तिवारी कमीशन को मानते तो असम में डेमोग्राफी बदलाव और जमीनों पर अतिक्रमण नहीं होता



रामस्वरूप रावतसरे

असम सरकार ने 25 नवंबर, 2025 को ऑफिशियल त्रिभुवन प्रसाद तिवारी कमीशन की रिपोर्ट की कॉपी 126 मेंबर वाले हाउस के मेंबर और दूसरे लोगों में बांटी। इसके अलावा नॉन-गवर्नमेंट जस्टिस (रिटायर्ड) टी.यू. मेहता कमीशन की रिपोर्ट भी असेंबली में पेश की। दोनों ही रिपोर्ट 1983 हिंसा को लेकर थी। लेकिन कॉन्ग्रेस सरकार ने कभी भी रिपोर्ट को सदन के पटल पर नहीं रखा। 40 साल बाद असम की हिमंत सरकार ने रिपोर्ट रख कर कॉन्ग्रेस के सियासत की पोल खोल दी। चार महीने चली इस हिंसा में हजारों लोग मारे गए और लाखों बेघर हुए थे। जानकारी के अनुसार तिवारी आयोग का गठन 21 अगस्त 1983 को किया गया था। माना गया कि 6 महीने में आयोग अपनी रिपोर्ट सौंप देगी। आयोग ने 1983 में जनवरी से अप्रैल तक राज्य में फैली अशांति और हालात को लेकर जाँच की। मई 1984 में आयोग ने अपनी रिपोर्ट तत्कालीन कॉन्ग्रेस सरकार को सौंपा। आयोग में एस मनोहरन आईएएस, को सेक्रेटरी बनाया गया जबकि सीएक वर्मा और आरसी जैन दोनों रिटायर आईएएस थे, उन्हें सदस्य के तौर पर शामिल किया गया। 9 फरवरी 1984 तक 257 गवाहों से पूछताछ की गई। इनमें 106 आधिकारिक और 151 गैर आधिकारिक थे। आयोग ने एडवोकेट जनरल एसएन भुइयां, वकील एसएल लश्कर, असम सरकार के वकील बुरागोहे समते कई लोगों का पक्ष भी सुना। असम पुलिस की भी राय जानी। कमीशन ने पहले राउंड में सभी जिलों में घूमकर स्थिति को परखा। दूसरे दौर में हर जिले के गणमान्य लोगों और न्यूज पेपर्स के एडिटर्स, पुलिस वगैरह से जानकारी ली। वजह क्या था? क्यों सैकड़ों की संख्या में लोग जमा हुए? घटनास्थल से हजारों सबूत आयोग ने जमा किए। इसके बाद रिपोर्ट तैयार की गई। रिपोर्ट में कहा गया कि किछार और नॉर्थ कछार हिल्स को छोडक़र पूरे राज्य में हिंसा फैली और लोग प्रभावित हुए। हिंसा की शुरुआत फरवरी 1983 में हुए विवादित तीन-चरण के विधानसभा चुनावों के दौरान हुआ, जब असम में राष्ट्रपति शासन था। इसमें हजारों लोग मारे गए। इसके बावजूद चुनाव हुए और हितेश्वर सैकिया के नेतृत्व में कॉन्ग्रेस की सरकार बनी। मुख्यमंत्री सैकिया ने ही त्रिभुवन प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता में जाँच आयोग बनाया था। 1984 में जस्टिस मेहता के नेतृत्व में भी एक न्यायिक आयोग का गठन किया गया था जिसने असम हिंसा की जाँच की। दोनों रिपोर्ट सीएम सैकिया को सौंपे गए। लेकिन इसे सार्वजनिक नहीं किया गया। 1985 में प्रफुल्ल महंत सरकार ने कोशिश की, लेकिन सदन के पटल पर नहीं रखी जा सकी। करीब 40 साल बाद भाजपा की हिमंत सरमा सरकार ने रिपोर्ट विधानसभा में पेश किया है, जिस पर बवाल मचा हुआ है। नेल्ली हिंसा के दौर में ही तत्कालीन इंदिरा गाँधी की सरकार ने असम में चुनाव कराने का फैसला लिया था। इसपर विपक्ष पार्टियों ने सत्ता हासिल करने के लिए कॉन्ग्रेस पर चुनाव कराने का आरोप लगाया था। लेकिन तिवारी आयोग ने अपनी रिपोर्ट में इसे खारिज कर दिया है। रिपोर्ट कहता है कि चुनाव कराने का फैसला हिंसा का कारण नहीं था। रिपोर्ट में 1950,1954,1960, 1968 1972 1977,1978, 1979, 1980, 1981 और 1982 में हुए हिंसा का जिक्र किया। ज्यादातर हिंसा का चुनाव से कोई संबंध नहीं था। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर यह बात मान ली जाती है कि हिंसा का खतरा होने पर चुनाव नहीं होना चाहिए, तो यह राजनीतिक ब्लैकमेलिंग होता और उसके गंभीर नतीजे होंगे। ये पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को खतरे में डालने जैसा है। इसमें कहा गया है कि हमारा देश एक गरीब और विकासशील देश है। यहाँ रोज कई मुद्दे आते हैं। भारत जैसे देश में क्षेत्रीय और दूसरे मुद्दे हावी हैं। राज्यों के बीच पानी और नदियों के जल बंटवारे की समस्या है। सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को पे स्केल की दिक्कत है। फैक्ट्री कर्मचारी वेज और वर्किंग कंडीशन से परेशान हैं। छात्रों के यूनियन परीक्षा और पढ़ाई को लेकर परेशान हैं। किसानों को फसल का उचित मूल्य नहीं मिलने की समस्या है। त्रिभुवन प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता में बनी तिवारी आयोग ने 1983 के शुरुआती 4 महीनों की परिस्थितियों के बारे में बताया है। उस समय विधानसभा चुनाव हो रहे थे और राज्य में बड़े आंदोलन का दौर जारी था। राज्य में बाहरी लोगों के खिलाफ आंदोलन चल रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य में इस दौरान 8019 हिंसक घटनाएँ हुई। 248292 लाख लोगों को राहत शिविरों में रहना पड़ा, जबकि 225951 लोग बेघर हुए। करीब 22 रेलवे की संपत्तियों का नुकसान हुआ और 85 रेलवे ट्रैक प्रभावित हुए। 22436 प्राइवेट घरों को आग के हवाले कर दिया गया। रिपोर्ट में उस दौर की हिंसा को 'गैर सांप्रदायिक' बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंसक घटनाओं को सांप्रदायिक रंग देना गलत है। पूरा समाज हिंसा का दंश भुगत रहा है। आरोपित किसी एक समुदाय के नहीं है। कई जगह असमिया लोग आरोपित हैं, लेकिन वे बांग्लाभाषी हैं। कई जगहों पर मुस्लिम भीड़ ने असमिया लोगों पर आक्रमण किया। इस दौरान मुस्लिम भीड़ ने अपने समुदाय के लोगों का साथ दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि जनसंख्या का वितरण असम में इस तरह का है जिससे एक समुदाय एक इलाके में बहुसंख्यक है, वही दूसरे इलाके में अल्पसंख्यक है। जब हिंसा फैली तो इसकी प्रतिक्रिया भी हुई और पूरा इलाका इस 'पागलपन' का शिकार हुआ। रिपोर्ट में हिंसा की जिम्मेदारी असम गण संग्राम परिषद और ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन पर डाली गई। इसमें कहा गया एएएसयू और एएजीएसयू दोनों इसके लिए जिम्मेदार हैं। इस बात के बहुत सारे सबूत हैं कि चुनाव रोकने के लिए, आगजनी, दंगे करवाए गए। बिल्डिंग,पुल, रेलवे संपत्ति को नुकसान और बंद के दौरान हिंसक घटनाएँ योजनाबद्ध तरीके से की गई। आयोग के अनुसार, बंद, विरोध और संपत्तियों को नुकसान पहुँचाने जैसी गतिविधियां पहले से तय थीं।

# जिन्दगी के मोड़ हमें विनम्र बनाकर समय की कद्र करना सिखाता है

### सफर से नही, मोड़ से जिन्दगी की कहानी बनती है...



विवेक वैशणव

*अगर जिंदगी एक ही ढर्रे पर चलती रहे तो हम ऑटो पायलट मोड में चले जाते हैं। सीधी रेखा का नाम जिन्दगी नही है यही इसकी सबसे बड़ी खूबसूरती भी है।*

अक्सर हम चाहते हैं कि हमारी जिंदगी की सडक़ एकदम सीधी और साफ हो और वो भी बिना किसी रुकावट और परेशानी के। लेकिन इस मानवीय स्वार्थ और स्वभाव के विपरीत जाकर जरा सोचिए, अगर सडक़ एकदम सीधी होगी तो सफर कितना बोरिंग हो जाएगा? सीधे रास्तों पर चलने के लिए किसी खास कौशल की जरूरत भी नहीं होती है। अगर हर दिन एक जैसा हो तो हम मशीनों की तरह जीने लगेंगे। अगर जिंदगी एक ही ढर्रे पर चलती रहे तो हम ऑटो पायलट मोड में चले जाते हैं। सीधी रेखा का नाम जिन्दगी नही है यही इसकी सबसे बड़ी खूबसूरती भी है। सीधी सडक़ें अक्सर अच्छे ड्राइवरों को भी सुला देती हैं लेकिन टेढ़े-मेढ़े रास्ते उन्हें जगाए रखते हैं और मंजिल तक सुरक्षित पहुँचाते हैं। ''टर्न'' (मोड़) हमारी जीवन रूपी यात्रा का सबसे अनिवार्य हिस्सा हैं। मोड़ सिर्फ रास्ता बदलने का नाम नहीं है बल्कि यह बदलाव, चुनौती और नए अवसरों का प्रतीक है। हर मोड़ हमें एक नया सबक सिखाता है। ''टर्न'' या मोड़ केवल रास्ते नहीं बदलते बल्कि वे हमारी मंजिल और हमारे व्यक्तित्व को भी बदल देते हैं। हमारी पसंद से लिए गए मोड हों या फिर वे अनचाहे हों, लेकिन ये मोड़ ही हमारी जिन्दगी की कहानी को दिलचस्प बनाते है। जिंदगी में आया एक अचानक मोड़ भी हमें उस रास्ते पर डाल देता है जहाँ हमें असल में होना चाहिए था। कभी कभी हम सोचते हैं कि हमें ''ए'' से ''बी'' पर जाना है लेकिन इसी बीच में एक अनचाहा मोड़ हमें ''सी'' पर ले जाता है, जो ''बी'' से कहीं ज्यादा बेहतर एवं खूबसूरत होता है। कई बार गलत लगने वाले मोड़ भी हमें सही मंजिल तक पहुँचा देते हैं। सडक़ पर टर्न हमें संभलने एवं अपनी रफ्तार को धीमी करने के संकेत देते है। ठीक ऐसे ही जिंदगी भी कभी कभी हमें धीमे होने का संकेत देती है। जिन्दगी की भागमभाग में हम अपने, अपने परिवार या अपनी सेहत को नजरअंदाज कर शायद हम बहुत तेजी से भाग रहे है और कोई छोटी असफलता या बीमारी के रूप में आया एक टर्न हमें संभलने और सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम सही दिशा में भाग रहे हैं? जिंदगी में आने वाले मोड़ हमें चौंकाते हैं और हमारी दिनचर्या में हलचल पैदा करते हैं। जिंदगी में जब कोई कठिन मोड़ आता है तभी तो हमें अपनी असली ताकत और धैर्य का पता चलता है। मुसीबतें यह नहीं बतातीं कि हम कितने कमजोर हैं बल्कि यह दिखाती हैं कि हम जितना सोचते थे, उससे कहीं ज्यादा मजबूत हैं। यह बदलाव ही हमें महसूस कराता है कि हम सिर्फ सांस नहीं ले रहे है बल्कि जिन्दगी को ''जी'' रहे हैं। जब सब कुछ हमारी योजना के अनुसार चलता है तो हमें लगता है कि जिंदगी के मालिक हम ही हैं। लेकिन अचानक आया एक मोड़ हमें याद दिलाता है कि नियंत्रण हमेशा हमारे हाथ में नहीं होता। जिन्दगी के मोड हमें विनम्र बनाता है और समय की कद्र करना सिखाता है। जिंदगी के हाइवे पर ''टर्न'' से डरना नहीं चाहिए। सीधे रास्ते सिर्फ दूरी तय करने के लिए होते हैं लेकिन असली रोमांच और यादें मोड़ों पर ही बनती हैं। जिंदगी के टर्न हमें चीजों को देखने का एक नया नजरिया देते हैं। जो समस्या कल पहाड़ जैसी लगती थी लेकिन एक नए मोड़ के बाद वही समस्या छोटी लगने लगती है।

## लघुकथा | बढ़ता राजस्थान

# असमिया- रास्ते की मटरगश्ती:मणिका देवी, अनुवाद :दिनकर कुमार

अब इसकी रास्ते की मटरगश्ती शुरू हो चुकी है, मां ने बड़बड़ाते हुए कहा था। पिताजी ने कहा- रहने दो। घर में ही घुसी रहती है दिनों दिन। आपने ही ढील देकर सिरपर चढ़ा रखा है उसे। इस बार मां को पिताजी पर गुस्सा आया। उसी मौके का फायदा उठाकर मैं चुपके से घर से निकल गई। पगथली में पिताजी ने एक मचान बना रखा है। बटोही बैठेंगे कभी। रास्ते की थकावट दूर करेंगे। वैसे इस रास्ते के बटोही कम ही हैं। एकाकी रास्ता। यह देखकर मैं मौका पाकर निकल आती हूँ। बातें करती हूँ रास्ते के साथ। रास्ते की तन्हाई बांटती हूँ। लेकिन ऐसा कहने पर नाराज हो जाता है रास्ता- रहने दो रहने दो। जानता हूँ तुम्हारी बात। क्यों बार-बार रास्ते पर दौड़कर आती हो, क्या मुझे मालूम नहीं है! हर बात जाननी ही पड़ेगी, ऐसी कोई बात नहीं है, समझे? कुछ बातें जाने बगैर रहना ही ठीक है। कुल मिलाकर जाने बगैर रहना ठीक है, यह जानना ठीक है। रास्ते के साथ गपशप करना अच्छा लगता है। बातों के भंवर में चक्कर कटवाना अच्छा लगता है। घुमावदार बातें मुझे अच्छी नहीं लगतीं। मैं सीधा



रास्ता हूँ, तना हुआ रास्ता हूँ। आंखों से देखकर भी खत्म नहीं होने वाला रास्ता। यह देखकर ही तुम पसंद करती हो मुझे। है या नहीं बताओ? वहां अगर मेरा एक मोड़ होता, तो क्या तुम मुझे पसंद करती? बात सही है। वहां अगर एक मोड़ होता, मुझे कभी अच्छा नहीं लगता।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# पेट की चर्बी कम करने के लिए रोज करें ये 5 योगासन महीनेभर में 32 की कमर हो जाएगी 28 की

आजकल के गलत खानपान और खराब जीवनशैली के कारण मोटापा एक गंभीर समस्या बन चुका है। वर्तमान समय में 3 में से 2 लोग मोटापे की समस्या से जूझ रहे हैं। मोटापा न केवल देखने में खराब लगता है, बल्कि अपने साथ कई तरह की बीमारियां भी लेकर आता है। ऐसे में, अपने बढ़ते वजन को कंट्रोल करने के लिए लोग डाइटिंग करते हैं और घंटों जिम में पसीना बहाते हैं। इससे कई बार वजन तो कम होता है, लेकिन शरीर पर जमा कुछ हिस्सों पर जमा चर्बी को घटाना काफी मुश्किल होता है। अधिकतर लोगों को पेट पर



जमा चर्बी को घटना सबसे मुश्किल लगता है। गलत खानपान, खराब लाइफस्टाइल, लंबे समय तक एक ही जगह पर बैठे रहने और एक्सरसाइज न करने की वजह से पेट पर फैट जमा होने लगता है। अगर आप भी बैली फैट की समस्या से परेशान हैं, तो कुछ योगासनों को अपने डेली रूटीन में शामिल कर सकते हैं। अपनी कोहनियों को कमर से सटा के रखें और हथेलियां ऊपर की ओर रखें। अब धीरे-धीरे सांस भरते हुए, अपनी छाती को ऊपर की ओर उठाएं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। काम को लेकर मेहनत भी अधिक रहेगी, लेकिन फिर भी आप हिम्मत नहीं हारेंगे। आप किसी नए काम को करने की शुरुआत कर सकते हैं।

**वृष**

आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको किसी सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आप अपने कामों को पूरी मेहनत और ईमानदारी से करेंगे।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने के लिए रहेगा। आपको कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**कर्क**

कोई डेटा उपलब्ध नहीं है, कृपया बाद में प्रयास करें।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए कुछ समस्याएं लेकर आने वाला है। पारिवारिक जीवन में कुछ उथल-पुथल बनी रहेगी, जिससे आपको थोड़ी टेंशन भी रहेगी। आप थोड़ा धैर्य बनाकर ही कामों को करें। किसी से कोई वादा सोच समझकर करें। अपने कामों को कल पर टालने से बचें।

**कन्या**

आज आपको किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचना होगा, क्योंकि इससे आपको कोई नुकसान होने की संभावना है। यदि आपका कोई सरकारी काम लंबे समय से रुका हुआ था।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए योजना बनाकर चलने के लिए रहेगा। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों के लिए आज दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। आप सरकारी योजनाओं में धन लगाएंगे, उसमें आपको अच्छे सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक**

आज आपके कुछ विरोधी आपके कामों में रोड़ा अटकाने की कोशिश कर सकते हैं। आज आप अपने प्रभाव से लोगों को कम दिखाने की कोशिश करेंगे। आपको किसी काम को लेकर यदि कोई तनाव था।

**धनु**

आज आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान सम्मान दिलवाएगी और किसी नई नौकरी के लिए आपको बुलावा आ सकता है। आप अपने बेफिजूल के खर्चों को करने में काफी धन व्यय करेंगे।

**मकर**

आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपको कामों से एक नई पहचान मिलेगी और आपकी कोई डील फाइनल होते-होते अटक सकती है, जो आपकी समस्याओं को बढ़ाएगी।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। आपको वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करना होगा।

**मीन**

आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपको एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिलेगी और आपकी अपने पिताजी से किसी बात को लेकर खटपट होने की संभावना है।

## पीपलू थाने में रघुवीर सिंह, झिराना थाने में राजेंद्र प्रसाद ने किया पदभार ग्रहण

बढ़ता राजस्थान

**पीपलू/टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)** । पीपलू , झिराना थाने में नवनियुक्त थाना अधिकारीयों ने पदभार ग्रहण किया। रघुवीर सिंह ने नई जिम्मेदारी संभालते ही उन्होंने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल बनाएं रखने की बात कही।साथ पुलिसकर्मी से क्षेत्र की जानकारी ली। वहीं झिराना थाना अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना ही मेरी प्राथमिकता रहेगी। क्षेत्र में लगातार गश्त जारी रहेगी। कोई क्षेत्र गैर कानूनी कार्य नहीं होने दूंगा।



## 1 दिसम्बर से शुरू होगा मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना का दूसरा चरण, जिले में 12 स्थानों पर लगेंगे शिविर

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के द्वितीय चरण के तहत जिले में शिविरों का आयोजन 01 दिसम्बर से शुरू हो रहा है। योजना के प्रति अधिक से अधिक पशुपालकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से यह शिविर जिले के चौथ का बरवाड़ा, शेरपुर, ऑटूनकलां, अमरगढ़, बगलई, भालपुर, बाढ़ टटवाड़ा, मोरन, टुण्डिला, भाडोती, भूखा और मई कलां में 12 स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे। संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग डॉ. राजीव गर्ग ने बताया कि 1 दिसंबर को ऑटूनकलां शिविर का शुभारंभ जिला कलक्टर काना राम द्वारा किया जाएगा। शिविरों के माध्यम से पात्र पशुपालकों के पशुओं का ऑन-स्पॉट स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा तथा आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए पशुओं का बीमा रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। संयुक्त निदेशक ने जिले के सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे समय पर शिविरों में पहुंचकर प्रथम आओ, प्रथम पाओ के आधार पर अपने पशुओं का बीमा करवाएं और स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्राप्त करें। यह योजना पशुपालकों के आर्थिक संरक्षण और पशुधन सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, इसलिए अधिकतम पशुपालक इसका लाभ अवश्य उठाएं।

## दुष्कर्म व अपहरण के प्रकरण मे फरार 5000 के ईनामी आरोपी प्रदीप मीणा को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह/टोंक** । जिला पुलिस अधीक्षक टोंक राजेश कुमार मीणा व मोटाराम बेनीवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय मालपुरा के निर्देशन में आशीष प्रजापत वृताधिकारी वृत्त मालपुरा के सुपरविजन में रामनारायण सहायक उप निरीक्षक के नेतृत्व में हरिशंकर हैड कानि0 352, गजराज कानि0 1096, मनराज कानि0 377, महावीर प्रसाद कानि0 1066 पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस थाना टोडारायसिंह पर गठित टीम द्वारा नाबालिक पीडीता का अपहरण व दुष्कर्म करने वाले 5000 रुपये के ईनामी अभियुक्त प्रदीप मीणा पुत्र रामसिह मीणा उम्र 19 साल निवासी थली मोड पुलिस थाना केकडी शहर जिला अजमेर राज0 को थाना हाजा के मुकदमा नं. 148/2025 धारा 137(2),87,64(2)(रू)65(1) क्वहृस् 5(रु)/6 पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार किया। आरोपी को कल न्यायालय में पेश किया जावेगा। प्रकरण में अनुसंधान जारी है।



## बगड़ी-डारडा तुर्की मार्ग बदहाल, ग्रामीणों ने उठाई सड़क सुधार की मांग

बढ़ता राजस्थान

**पीपलू/टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)** । ग्राम बगड़ी से डारडा तुर्की तक जाने वाला मार्ग लंबे समय से खराब हालत में पड़ा है। छह किलोमीटर लंबा यह प्रमुख ग्रामीण मार्ग जगह-जगह टूट चुका है, जिससे लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। बगड़ी, मौलीपुरा, धोलाभाटा, प्यावडी, अनवरपुरा खेड़ा सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग इन पंचायतों को टोंक जिला मुख्यालय से जोडऩे वाला मुख्य रास्ता है। प्रतिदिन करीब 500 लोग इसी मार्ग से टोंक के लिए निकलते हैं, लेकिन सडक़ की स्थिति इतनी खराब है कि वाहनों का चलना तक जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, तहसील प्रशासन, सांसद एवं विधायक से सडक़ को शीघ्र ठीक करवाने की मांग की है।

## उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथ लेवल अधिकारियों के द्वारा किए जा रहे कार्य का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**पीपलू/टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)** । उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामरतन सोकरिया ने पीपलू क्षेत्र के बूथ नंबर 54 पर पहुंच कर बूथ लेवल अधिकारियों के द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया बोथ लेवल अधिकारियों को कहा कि कार्य में लापरवाही नहीं भरते समय पर कार्य करे।शत प्रतिशत डिजीटाइजेशन करने के निर्देश दिए। इस दौरान पीपलू उपखंड अधिकारी गणराज बडग़ोती, पीपलू तहसीलदार कैलाश चंद मीणा, सहित बूथ लेवल अधिकारी मौजूद रहे।

## झिराना थाना अधिकारी हरिमन को दी विदाई



बढ़ता राजस्थान

**पीपलू/टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)** । झिराना थाना अधिकारी हरिमन मीणा का तबादला गुंसी चौकी होने पर ग्रामीणों ने उनके कार्यकाल में किए गए कार्य की प्रशंसा को देखते हुए झिराना थाने पर पहुंचकर साफा बंधवाकर माला पहनाकर मुंह मीठा करवा कर विदाई दी गई। ग्रामीण ने बताया कि हरिमन मीणा का कानून व्यवस्था में बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा। क्षेत्र में लगातार गश्त जारी रही। एवं शांति व्यवस्था कायम रही। इस दौरान पीपलू मीणा समाज के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष छोटू मीणा, विधायक प्रतिनिधि सुमेर सिंह राजावत, पत्रकार भगवान गौतम, हेड कांस्टेबल कैलाश भंडारी, सुखराम बैंसला, रामावतार, अश्विनी, सहित कहीं ग्रामीण मौजूद रहे।

### कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से ना हो वंचित, इस भावना से निष्पक्षता से करें कार्य

# विपक्षी दलों को विश्वास में लेकर इस प्रकार के निर्णय लेने की परम्परा डाले सरकार: पायलट

बढ़ता राजस्थान





टोंक, (पुरूषोतम जोशी)। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने टोंक विधानसभा क्षेत्र के अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान रविवार को पं.स. टोड़ारायसिंह की ग्रा.पं. अलियारी, ग्राम क्यारिया (ग्रा. पं. बरवास), पं.स. टोंक के ग्राम अमीनपुरा (ग्रा.पं. मेन्दवास), ग्रा.पं. भरनी एवं ग्राम गुलाबपुरा (ग्रा.पं. लवादर) का दौरा कर ग्रामीणों, पार्टी बी.एल.ए. एवं कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

पायलट ने कहा कि हमें अपने मताधिकार के प्रति सजग रहते हुए मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य को गंभीरता से लेना होगा ताकि कोई भी वैध मतदाता अपने मताधिकार से वंचित ना रहे। उन्होंने कहा कि वोट का अधिकार हमें संविधान ने दिया है। यदि किसी का नाम मतदाता सूची से कट जाता है तो लोकतंत्र में इससे बड़ा पाप कोई नहीं हो सकता। जैसा कि हम देख रहे है और हमारे नेता श्री राहुल गांधी जी ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से साबित भी किया है कि पिछले कुछ समय से निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली और उसके पक्षपातपूर्ण रवैये से उसकी निष्पक्षता संदेह के घेरे में आ गई है। इसलिए हमें सजगता से कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी वैध मतदाता का नाम वोटर लिस्ट से ना कटें।


इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए पायलट ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा एस.आई.आर. के लिए सात दिन की अवधि बढ़ाई गई है जो अच्छी बात है। आयोग को यह निर्णय बहुत पहले ले लेना चाहिए था। उन्होंने कहा कि नोटबंदी हो, चाहे जी.एस.टी. हो या जातिगत मतगणना हो या अब एस.आई.आर. की समय सीमा बढ़ाना हो। केन्द्र सरकार पहले निर्णय जल्दबाजी में लेती है और जब कांग्रेस कोई अच्छा सुझाव देती है तो हठधर्मितता के चलते उसे अस्वीकार करती है। परन्तु जब स्थितियां खराब होने लगती है, जनता का दबाव पड़ता है, तब कांग्रेस के सुझावों को मानते हुए अपना निर्णय बदलती है। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि इस प्रकार की बड़े निर्णय लेने से पूर्व प्रमुख पिपक्षी दलों के साथ भी चर्चा करें ताकि जनता को अनावश्यक परेशानियां ना हो। उन्होंने अपील की कि निर्वाचन आयोग द्वारा बढ़ायी गई समय सीमा का सदुपयोग करते हुए अधिकारियों को पारदर्शिता के साथ इस प्रण से कार्य करना चाहिए कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित ना हो।

# नेशनल हाईवे 52 पर अंधेरा गहराया पुलियाओं की लाइटें महीनों से बंद

### बोरखड़ीखुर्द से पहाड़ी कट सर्विस रोड तक सुरक्षा व्यवस्था ठप

बढ़ता राजस्थान

**पीपलू/टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)** । नेशनल हाईवे 52 पर रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। बोरखड़ीखुर्द, मोटूका, बरोनी पुलिया और पहाड़ी कट सर्विस रोड पर लगे हाईमास्ट व स्ट्रीट लाइटें महीनों से बंद पड़ी हैं, जिससे रात में गुजरना वाहन चालकों के लिए बेहद खतरनाक हो गया है। अंधेरे के कारण पुलिया क्षेत्रों में सडक़ की स्थिति, मोड़ का अंदाजा नहीं लग पाने से दुर्घटनाओं का जोखिम कई गुना बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सर्विस रोड पर रात में लंबी दूरी तय करने वाले वाहन चालक अपने ट्रक-ट्रेलर खड़े कर आराम करते हैं, ऐसे में रोशनी नहीं होने से चोरी की वारदातों की आशंका भी बढ़ जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतें कई बार नेशनल हाईवे मेंटेनेंस टीम को दी गईं, लेकिन न निरीक्षण हुआ, न सुधार कार्य। आरोप है कि ह॥ कर्मी क्षेत्र की नियमित मॉनिटरिंग नहीं करते, जिसके कारण लाइटें लंबे समय से बंद पड़ी हैं। नेशनल हाईवे परियोजना निदेशक से इस संबंध में फोन पर संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। अधिकारियों की अनुपलब्धता को लेकर लोगों में नाराजगी है। क्षेत्रवासियों व जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि सभी संवेदनशील स्थानों पर लाइटें तत्काल दुरुस्त कर रौशनी बहाल की जाए, ताकि अंधेरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं व चोरी की घटनाओं पर रोक लग सके।



# विशेष गहन पुनरीक्षण : समय सीमा बढ़ाई अब 11 दिसंबर तक चलेगा गणना कार्य

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 14 फरवरी 2026 को होगा

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। भारत निर्वाचन आयोग ने 01 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के संदर्भ में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय सारणी में संशोधन किया है। आयोग ने विभिन्न गतिविधियों के लिए निर्धारित तिथियों को एक सप्ताह तक बढ़ा दिया है, जिससे आमजन और प्रशासन को मतदाता सूची अद्यतन करने के लिए अतिरिक्त समय मिल सकेगा।

आयोग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, अब गतिविधियां निम्न तिथियों तक संपन्न की जाएंगी- गणना अवधि- घर-घर जाकर सर्वे और गणना का कार्य अब 11 दिसंबर 2025 (गुरुवार) तक पूरा किया जाएगा ।

मतदान केंद्रों का युक्तिकरण- मतदान केंद्रों के पुनर्गठन और युक्तिकरण का कार्य भी 11 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा।

ड्राफ्ट रोल की तैयारी- कंट्रोल टेबल का अपडेशन और प्रारूप मतदाता सूची की तैयारी 12 दिसंबर से 15 दिसंबर 2025 के बीच की जाएगी । प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन- मतदाता सूची का ड्राफ्ट (प्रारूप) अब 16 दिसंबर 2025 (मंगलवार) को प्रकाशित किया जाएगा ।

दावे एवं आपत्तियां- मतदाता सूची में नाम जोडऩे, हटाने या संशोधन के लिए दावे और आपत्तियां 16 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक स्वीकार की जाएंगी।

दावों का निस्तारण- प्राप्त दावों और आपत्तियों का निस्तारण 16 दिसंबर 2025 से 07 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। अंतिम प्रकाशन-मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी 2026 (शनिवार) को किया जाएगा ।

जिला निर्वाचन कार्यालय ने सभी बूथ लेवल अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया है कि वे बढ़ी हुई समय सीमा का उपयोग करते हुए यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे।

# कृषि विभाग की सख्त कार्यवाही अनियमितताओं पर कई उर्वरक विक्रेताओं के अनुज्ञापत्र निलंबित

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा जिलेभर में खाद-बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कई विक्रेताओं द्वारा निर्धारित दर सूची प्रदर्शित नहीं करने, विक्रय-बिल एवं स्टॉक रजिस्टर का सही संधारण नहीं करने, वास्तविक स्टॉक एवं पोस मशीन रिकॉर्ड में अंतर होने, तथा यूरिया को निर्धारित दर से अधिक पर बेचने जैसी गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। इसी आधार पर विभाग ने मैसर्स हिमांशु ट्रेडिंग कंपनी (खिरनी), मैसर्स महेश ट्रेडर्स (खिरनी), मैसर्स अमान खाद बीज भंडार (मलारना डूंगर), मैसर्स सैनी खाद बीज भंडार (सवाई माधोपुर) सहित कई प्रतिष्ठानों के खुदरा उर्वरक अनुज्ञापत्र अग्रिम आदेश तक निलंबित कर दिए हैं। वहीं मैसर्स गौरव एंटरप्राइजेज (बौंली), मैसर्स सृष्टि खाद बीज भंडार (सवाई माधोपुर), मैसर्स प्रजापति खेतीबाड़ी केन्द्र (शिशोलाव), मैसर्स जे.के. एंटरप्राइजेज (गूगड़ोद) एवं मैसर्स आरके एंटरप्राइजेज (बागडोली) को उर्वरक नियंत्रण आदेश के उल्लंघन पर कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त मैसर्स सत साहेब खाद बीज भंडार (बौंली) एवं मैसर्स श्रीनाथ खाद बीज भंडार (बौंली) द्वारा अधिक मूल्य पर यूरिया बेचे जाने की पुष्टि होने पर उनके अनुज्ञापत्र भी निलंबित कर दिए गए। निरीक्षण दल में अतिरिक्त निदेशक कृषि (भरतपुर) श्री देशराज सिंह, कृषि आयुक्तालय जयपुर से उपनिदेशक कृषि (गुण नियंत्रण) डॉ. प्रेमचन्द्र वर्मा, संयुक्त निदेशक कृषि सवाई माधोपुर श्री राकेश कुमार अटल, उपनिदेशक कृषि डॉ. हब्बल सिंह सहित विभागीय अधिकारी शामिल रहे।

# कलक्टर ने बौंली क्षेत्र में संभावित रूट का निरीक्षण किया

### सवाई माधोपुर में डेजर्ट सफारी और एडवेंचर पर्यटन की संभावना

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में डेजर्ट सफारी और एडवेंचर पर्यटन की संभावनाओं की व्यवहारिकता को जानने और क्रियान्वयन के क्रम में रविवार को जिला कलक्टर काना राम ने डीएफओ (सामाजिक वानिकी) सुनील कुमार के साथ बौंली उपखंड क्षेत्र में संभावित सफारी रूट का स्थल निरीक्षण किया।

कलक्टर और डीएफओ ने अल सुबह गोल से गोठड़ा नटणी के दाता क्षेत्र तक ट्रैकिंग की और रेत के विशाल प्राकृतिक टिब्बों, जैव विविधता और वन्यजीवों के प्राकृतिक चिन्हों का अवलोकन किया। निरीक्षण दल पैदल ट्रैकिंग करते हुए बौंली किले से स्थानीय कस्बे तक पहुंचा।

कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान वन क्षेत्र की स्थानीय विशेषताओं, प्रजातियों, वन्यजीव गतिविधियों और पर्यटन की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी ली। डीएफओ सुनील कुमार ने वन क्षेत्र की पारिस्थितिकी, संभावित पर्यटन मार्ग और वन्य जीवों तथा पर्यटकों के संरक्षण के दृष्टिकोण से किए जाने वाले उपायों पर जानकारी दी।

जिला कलक्टर ने कहा कि बौंली वनक्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य, रेत के टिब्बों और जैव विविधता के कारण रोमांचक डेजर्ट सफारी और एडवेंचर ट्रैकिंग के लिए अत्यंत उपयुक्त है। यह पहल न केवल क्षेत्र के पर्यटन विकास में सहायक होगी, बल्कि स्थानीय आजीविका संवर्धन और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण सिद्ध होगी।

इस निरीक्षण के बाद क्षेत्र में डेजर्ट सफारी प्रोजेक्ट के जल्द साकार होने की संभावनाएं और मजबूत हो गई हैं, जिससे राजस्थान के पर्यटन मानचित्र पर सवाई माधोपुर की एक और आकर्षक पहचान दर्ज होने की उम्मीद है।

निरीक्षण दल में क्षेत्रीय वन अधिकारी बौंली गोकलराम मीना, फोरेस्टर भूपेन्द्र सिंह जादौन, वनरक्षक कैलाश यादव, विष्णु शर्मा, हीरालाल गुर्जर, सीमा मीना, छोटी देवी, वनमित्र बनवारी शर्मा, कैलाश रैगर, राजू पठान सहित अन्य वनकर्मी शामिल रहे।

### निवाई में 4 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा सेंट्रल पार्क

# सेंट्रल पार्क का युद्ध स्तर पर शुरू हुआ निर्माण कार्य

बढ़ता राजस्थान



निवाई (का.स.)। 80 फीट रोड पर स्थित श्यामाप्रसाद मुखर्जी कॉलोनी में नगर पालिका द्वारा करीब 7-8 बीघा भूमि पर करीब 4 करोड़ रुपए की लागत से सेंट्रल पार्क का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य को लेकर तीन जेसीबी मशीनों सहित दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से मिट्टी भराई का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट एवं सहायक अभियंता चंद्रप्रकाश मीणा ने बताया कि शहर में श्यामाप्रसाद मुखर्जी कॉलोनी में करीब 7-8 बीघा जमीन पर 4 करोड रुपए की लागत से बन रहे सेंट्रल पार्क में करीब 70- 80 लाख रुपए की लागत से चार दीवारी का निर्माण कार्य किया जाएगा। करोड़ों रुपए की लागत से सेंट्रल पार्क में वाहन पार्किंग, महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग आधुनिक शौचालय, शुद्ध पेयजल सुविधा, बच्चों के लिए चकरी, झूला व स्लाइड सहित खेलों के कई उपकरण स्थापित किए जाएंगे। योग एवं व्यायाम के लिए ओपन जिम का निर्माण किया जाएगा। साथ ही लोगों के घूमने फिरने के लिए रनिंग ट्रेक का भी निर्माण किया जाएगा। पार्क के बीचों-बीच म्यूजिकल फाउंटेन का निर्माण होगा। पार्क के अंदर सीसी सडक़ों का निर्माण किया जाएगा। जिनमें दोनों और इंटरलॉकिंग टाइले भी लगाई जाएगी। करीब 4-5 हाई मास्क लाइटे भी लगाई जाएगी। जिससे रात के समय में सेंट्रल पार्क जगमगाता रहेगा। हाई मास्क लाइटों पर लाउड स्पीकर लगाए जाएंगे। जिनसे पार्क में सुबह शाम मधुर संगीत का प्रसारण किया जाएगा। बैठने के लिए जगह-जगह लोहे एवं सीमेंट की बड़ी कुर्सियां स्थापित की जाएगी। इसी प्रकार पार्क में आधुनिक लोन बनाया जाएगा एवं ग्रीन स्पेस के तहत सेंट्रल पार्क में हजारों फूलदार, फलदार एवं छायादार पेड़ पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सेंट्रल पार्क में सुरक्षा की दृष्टि को लेकर आधुनिक सीसी टीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। नगरपालिका अध्यक्ष इसरानी ने बताया कि नगरपालिका द्वारा करोडों रुपए की लागत से शहर के प्रत्येक वार्ड में सामुदायिक भावनों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वार्ड के गली मोहल्ले में सीसी रोड का निर्माण कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जमात, 80 फीट रोड एवं भगतसिंह कॉलोनी में करोड़ों रुपए की लागत से आधुनिक सामुदायिक भवनों का निर्माण किया गया है। जिनका शहर वासियों को भरपूर लाभ मिल रहा है। रक्तांचल पर्वत पर श्री धर्मार्थ सेवा संस्थान द्वारा सीढियो का निर्माण किया गया है। जिससे लोगों को पहाड़ पर चढऩे में आसानी हुई है। 80 फीट रोड पर आधुनिक फाउंटेन का निर्माण किया गया है। इसी प्रकार शहर में करोड़ों रुपए की लागत से आधुनिक रोड लाइटे एवं सडक़ों पर डिवाइडर का निर्माण करने सहित कई विकास कार्य किए गए हैं।

# सेवा और समर्पण रक्तदान शिविर में साक्षात झलक रहा-पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह

## जनता की सेवा करना मेरी पहली प्राथमिकता-नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली

■ विचार, दृष्टि और उद्देश्य में जूली का कोई सानी नहीं-पीसीसी चीफ डोटासरा



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली का 45वां जन्मदिन सादगीपूर्ण माहौल में रक्तदान शिविर एवं सामाजिक सरोकार की दिशा में अहम योगदान देने वाले कार्यक्रमों के साथ आयोजित हुआ। जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित भावानात्मक समारोह में सभी ने उनके नेतृत्वए जनसेवा और सामाजिक योगदान की जमकर सराहना की। राजस्थान विधानसभा में उनकी शांतए संयमित और तथ्यों पर आधारित शैली की हर कोई चर्चा करते नजर आया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि रक्तदान शिविर में सेवा और समर्पण का भाव साक्षात झलक रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों के लिए रक्त उपलब्ध कराने के लिए यह पहल निश्चित तौर पर वरदान साबित होगी। सिंह रविवार को नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली के 45वंन जन्मदिवस के अवसर पर जयकृष्ण में आयोजित रक्तदान शिविर एवं स्नेह मिलन समारोह में उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रक्तदान से हम किसी को एक नया जीवन दे सकते हैं। सिंह बोले जूली का पारिवारीक जीवन भी उनकी सियासत जितना ही अनुशासित और समर्पण भरा रहा है। कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को जन्मदिवस की बधाई देते हुए कहा कि विचारदृष्टि और उद्देश्य से बंधे जूली का कोई सानी नहीं है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के रूप में विधानसभा में कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व कर सत्ता पक्ष के मुखिया से लेकर सभी की क्लास लगा रखी है। उन्होंने कहा कि जूली हमेशा गरीबए वंचित और आमजनता के हितों की राजनीति करते हैं। उनके विचार समाजों को जोडने और सामाजिक न्याय को मजबूत करने वाले रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि देवतुल्य जनता ने उन्हें राजनीति के माध्यम से सेवा करने का मौका दिया है जिसे वे हरकदम पर पूरी आत्मीयता के साथ निभा रहे है और निभायेंगे। जूली बोले राजनीति में सेवा सर्वोपरि है और जब सेवा को केन्द्र में रखा जाए तो पद अपने आप आ जाते है। जूली ने फिर एक बार अपने सियासी सफर का श्रेय वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भंवर जितेन्द्र सिंह को दिया। उन्होंने कहा कि जितेन्द्र सिंह की बदौलत ही आज वे इस मुकाम पर पहुंचे है।

**दिव्यांगों ने जन्मदिन समारोह में को दिया अलग रंग**

नेता प्रतिपक्ष और दिव्यांगों के लिए विशेष रूप से 24 घंटे कार्य करने वाले टीकाराम जूली के जन्मदिन के कार्यक्रम में सैकडों की संख्या में पहुंचे दिव्यांगों ने समारोह का मिजाज ही बदल दिया। जहां सभी मंच पर जूली को बधाई दे रहे थे वहीं अपनी स्कूटी पर बैठकर दिव्यांगों ने अपने महबूब नेता जूली के जयकारे लगाने शुरू किए। तभी जूली ने अपनी सरल छवि का परिचय देते हुए मंच से नीचे उतकर उनकी शुभकामनाएं स्वीकार की।

**चाँदी के मुकुट से किया जूली का स्वागत, चांदी की तलवार से कांटा केक**

नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली के जन्मदिवस के अवसर पर उनके समर्थकों द्वारा उनका माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया वहीं उन्हें चांदी का मुकुट पहनाया गया। जूली के समर्थकों ने चांदी की तलवार से ही उनका बर्थडे केक कटवाया।

**जूली के जन्मदिन पर फोन पर देर रात से ही चला बधाईयों का सिलसिला**

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के जन्मदिवस पर विधासभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, रोहतक सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेन्द्र सिंह यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलेट,पूर्व सांसद संतोष अहलावत, पूर्व मंत्री युनुस खान, महाराजा विश्वेन्द्र सिंह, रघु शर्मा, नीतू डीसूजा, मेवाराम जैन, शिमला नायक, गोपाल मीणा, रोहित बोहरा, रामलाल मेघवाल, मोहन प्रकाश ने उन्हें फोन पर बधाई दी।

## गायत्री परिवार का दो कुण्डीय यज्ञ का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रविवार को प्रातः 10 बजे अंबेडकर नगर अलवर, स्थिति श्री माधव सेवा समिति द्वारा संचालित एजुकेशन एण्ड स्किल सेंटर के शुभारंभ के अवसर पर गायत्री परिवार अलवर द्वारा दो कुण्डी गायत्री यज्ञ किया गया। यज्ञ संचालन मोहनलाल शर्मा और कुमारी प्रगति पाराशर की टोली द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम क्रियान्वयन प्रभारी ज्ञानेंद्र शर्मा, राकेश तिवाड़ी ट्रस्टी श्यामलाल साहू आदि परिजन उपस्थित रहे।

## जन्मदिन पर सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री का किया वितरण



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** कस्बे के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पटायरी की डूंगरी में शनिवार को भामाशाह बद्रीप्रसाद कचावा के अपने पुत्र के जन्मदिन पर विद्यार्थियों को गर्म मोजे व टोपे सहित शिक्षण सामग्री का वितरण किया। इस मौके पर भामाशाह बद्रीप्रसाद कचावा ने कहा कि विद्यार्थी लक्ष्य बनाकर अध्ययन करें। उन्होंने बच्चों को संस्कारित शिक्षा पर बल देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान विद्यालय के संस्था प्रधान सहित स्टाफ द्वारा भामाशाह का माला पहनाकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को फल का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेशमा मीना, सुमन गुप्ता, कविता मीना, सरला सैनी, गुड्डी सैनी, रामप्रसाद सैनी ठेकेदार, राधेश्याम सैनी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## गौशाला अव्यवस्थाओं को लेकर बृजवासी युवाओं का विरोध, 164 गोवंश में से 50 नंदी लापता



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** कांकरोली पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रन्यास के द्वारकाधीश मंदिर से जुड़े श्री द्वारकेश गौशाला में चल रही अव्यवस्थाओं को लेकर बृजवासी युवा समाज ने रविवार को जोरदार आक्रोश जताया। गौशाला से गोवंश को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए युवाओं ने मंदिर अधिकारियों के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। मंदिर प्रबंधन द्वारा कल 164 नंदियों को द्वारकेश गौशाला से वींजनवास गौशाला में शिफ्ट किया गया, लेकिन विरोध कर रहे युवाओं का आरोप है कि इनमें से करीब 50 नंदी गौशाला तक पहुंचे ही नहीं। गोवंश को ले जाते समय कई छोटे नंदी चोटिल भी हुए, जिसकी जिम्मेदारी तय नहीं की गई है।बृजवासी युवाओं ने गौशाला में तैनात अधिकारियों — जयेश भाई शाह और बी.एल. अजमेरा — पर कड़े आरोप लगाते हुए उनके व्यवहार और कार्यशैली को अव्यवस्थाओं का कारण बताया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि अव्यवस्थित प्रबंधन के चलते गौशाला का गोवंश भूखा रह रहा है, जिससे उनकी हालत लगातार कमजोर होती जा रही है।युवाओं ने मंदिर पहुंचकर अधिकारी भगवती लाल पालीवाल को ज्ञापन सौंपा और दो दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो बृजवासी समाज उग्र आंदोलन करेगा।मामले पर मंदिर अधिकारी भगवती लाल पालीवाल ने कहा कि युवाओं द्वारा दी गई शिकायतों की जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## नशे के शौक और मौज-मस्ती के लिए मोबाइल छीनने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नशे के शौक और मौज-मस्ती के लिए राह चलते पैदल राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले दो बदमाशों को धर-दबोचा है और उनके पास से छीने गए दो महंगे मोबाइल बरामद की है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कई वारदातों को अंजाम देना कबूला है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नशे के शौक और मौज-मस्ती के लिए राह चलते पैदल राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले 22 वर्षीय अन्नु उर्फ मोहम्मद निवासी जालपुरा जयपुर और 25 वर्षीय यूसुफ उर्फ सोनू निवासी खानाबदोश रामनिवास जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से राहगीरों से छीने गए दो मोबाइल जब्त की है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## दुपहिया वाहन चुराने वाला शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर को पकडा है और उसके पास से एक चोरी का दुपहिया वाहन भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले शातिर वाहन चोर 28 वर्षीय दौलत कुमार निवासी आदर्श नगर जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से एक चोरी का दुपहिया वाहन (बाइक) भी बरामद की है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

प्रवचन, हवन यज्ञ, भंडारे का हुआ आयोजन

## शिव परिवार व हनुमान जी का नगर परिक्रमा व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** कस्बे में देवी जी मंदिर परिसर से शिव परिवार व हनुमान जी महाराज की नगर परिक्रमा बैंड बाजे व रामधुनी के साथ की गई। नगर परिक्रमा कस्बे के गणेश पोल, कांकवाडी.बाजार,चौपड़ बाजार, गोल सर्किल, मालाखेड़ा बाजार होते हुए मंदिर प्रांगण में पहुंची। नगर परिक्रमा के दौरान जगह-जगह लोगों द्वारा पूजा अर्चना व पुष्प वर्षा की गई, जगह-जगह स्वागत किया गया। मंदिर परिसर में पहुंचने के बाद शिव परिवार व हनुमान जी महाराज की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कर नर्मोही अखाड़ा के अध्यक्ष परम पूज्य मदन मोहन दास जी महाराज द्वारा शिव पुराण पर मंगलमय प्रवचन दिए गए। महाराज श्री ने शिव महिमा धर्म भक्ति एवं आदर्श जीवन के विषय में प्रेरणादायक विचार रखते हुए श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक लाभ प्रधान किया। उसके बाद मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कर हवन यज्ञ किया गया। यह कार्यक्रम सौभाग्य एवं शांति की कामना के साथ किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण व्याप्त रहा। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। साधु संतों का आशीर्वाद लेकर उन्हें भेंट देकर विदा किया। इसी के साथ तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में केदारनाथ वशिष्ठ, देवीशंकर वशिष्ठ, योगेश चंद्र वशिष्ठ, महेंद्र वशिष्ठ, विष्णु वशिष्ठ, लोकेश वशिष्ठ, बीनू वशिष्ठ, शेखर वशिष्ठ, दिनेश वशिष्ठ व सभी परिवार सदस्य तथा गणेश मंदिर के महंत पंडित त्रिलोक पुजारी,व्यापार मंडल अध्यक्ष बसंत गुप्ता, अशोक गुप्ता, लायंस क्लब के वीरेंद्र दाधीच, भाजपा राजगढ़ मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, तुलसी शर्मा, सुखराम मीणा, लोकेश रावत, भाजपा के महामंत्री महेश इंदौरिया, पूर्ण चंद जैमन, दिनेश प्रधान, साधु संत व स्थानीय ग्रामीणजन ओर राजगढ़ क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## साइकिल पर शहर की सुरक्षा का जायज़ा-अलवर के एडिशनल एसपी शरण कांबले का अनोखा नवाचार

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** रविवार की सुबह अलवर शहर एक अनोखे दृश्य का गवाह बनाए जब एडिशनल एसपी शरण कांबले साइकिल पर ही शहर के विभिन्न इलाकों में निरीक्षण करने निकल पड़े। जैसे ही वह साइकिल से किसी थाने या चौकी पर पहुँचेए स्टाफ तुरंत अलर्ट मोड में दिखाई दिया। उनकी यह पहल न सिर्फ पुलिस के लिए प्रेरणा बनीए बल्कि शहरवासियों के बीच भी चर्चा का विषय रही एडिशनल एसपी कांबले ने बताया कि स्वस्थ शरीर और तेज़ फील्ड वर्क दोनों के लिए साइकिल चलाना बेहद फायदेमंद है। रविवार होने का फायदा उठाते हुए उन्होंने सुबह से ही साइकिल पर शहर के कई संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था, पुलिस गश्त और जनसुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आम लोगों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं को समझा। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच संवाद जितना मज़बूत होगाए उतनी ही बेहतर कानून व्यवस्था बनी रहेगी। कांबले ने बताया कि हर थाने में श्पुलिसिंग को विकसितश् करने की दिशा में लगातार प्रयास जारी हैं। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों व डिप्टी एसपी को भी निर्देश दिए कि वे भी सप्ताह में कुछ दिन साइकिल पर अपने क्षेत्र का दौरा करें। इससे न केवल जमीनी स्थिति की सही जानकारी मिलेगीए बल्कि पुलिस टीम की फिटनेस भी बरकरार रहेगी। शहरवासियों ने एडिशनल एसपी की इस पहल का स्वागत किया है और कहा कि यह कदम पुलिस को जनता के और करीब लाने में मील का पत्थर साबित होगा। एडिशनल एसपी कांबले का यह नवाचार अलवर में सक्रियए सतर्क और संवेदनशील पुलिसिंग की नई मिसाल बन गया है।

## भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय सीमा बढ़ाई; अब 11 दिसंबर तक चलेगा गणना कार्य

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** भारत निर्वाचन आयोग ने 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के संदर्भ में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय सारणी में संशोधन किया है। आयोग ने विभिन्न गतिविधियों के लिए निर्धारित तिथियों को एक सप्ताह तक बढ़ा दिया है, जिससे आमजन और प्रशासन को मतदाता सूची अद्यतन करने के लिए अतिरिक्त समय मिल सकेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि आयोग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, अब जिले में गतिविधियां निम्न तिथियों तक संपन्न की जाएंगी। घर-घर जाकर सर्वे और गणना का कार्य अब 11 दिसंबर 2025 (गुरुवार) तक पूरा किया जाएगा। मतदान केंद्रों का युक्तिकरण : मतदान केंद्रों के पुनर्गठन और युक्तिकरण का कार्य भी 11 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा।

**ड्राफ्ट रोल की तैयारी :** कंट्रोल टेबल का अपडेशन और प्रारूप मतदाता सूची की तैयारी 12 दिसंबर से 15 दिसंबर 2025 के बीच की जाएगी। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन : मतदाता सूची का ड्राफ्ट (प्रारूप) अब 16 दिसंबर 2025 (मंगलवार) को प्रकाशित किया जाएगा ।

## देलवाड़ा क्षेत्र में पंचायती राज पुनर्गठन को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

**मुख्यालय मजेरा में नहीं रखने पर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी**



राजसमंद (सुरेश बागोरा)। देलवाड़ा क्षेत्र में प्रस्तावित पंचायती राज पुनर्गठन को लेकर ग्रामीणों में तीव्र आक्रोश देखने को मिल रहा है।

बिलोता ग्राम पंचायत क्षेत्र के तीन गांव—झीपों का रहंट, करमठों का ढाणा और मजेरा—के ग्रामीण बड़ी संख्या में मजेरा स्थित धर्मशाला में एकत्र हुए, जहां करीब 100 से अधिक लोग बैठक में शामिल हुए।ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में गोरेला ग्राम पंचायत की घोषणा पर उन्होंने कड़ा विरोध दर्ज कराया था। इसके लिए तहसील कार्यालय भीलवाड़ा में ज्ञापन सौंपा गया तथा नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह से भी चर्चा की गई, लेकिन इसके बावजूद ग्रामीणों की आपत्तियों पर ध्यान दिए बिना नई पंचायत की घोषणा कर दी गई।ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें पंचायत के नाम पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन पंचायत मुख्यालय मजेरा हनुमानजी मंदिर के पास रखा जाए, यह उनकी मुख्य मांग है। उनका कहना है कि तीनों गांव मिलकर लगभग 2,000 से 3,000 की आबादी वाला बड़ा क्षेत्र बनाते हैं, ऐसे में मुख्यालय मजेरा में ही होना चाहिए ताकि सभी के लिए पंचायत कार्य सुगम रहें।बैठक में शामिल ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि पंचायत मुख्यालय मजेरा में स्थापित नहीं किया गया, तो वे आगामी पंचायती राज चुनावों का बहिष्कार करेंगे। इसी को लेकर ग्रामीण कल देलवाड़ा तहसील में लिखित ज्ञापन भी सौंपेंगे।

**2 हजार 316 सैलानियों ने किया शेर-बाघ के दीदार का दीदार**

## नाहरगढ़ जैविक उद्यान में रविवार को उमड़ा सैलानियों का सैलाब

■ 460 पर्यटकों ने लायन और टाइगर सफारी का लिया रोमांचक अनुभव

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** राजधानी जयपुर का नाहरगढ़ जैविक उद्यान रविवार को पर्यटकों की भारी भीड़ से गुलजार रहा। सुहावने मौसम, अवकाश के उत्साह और प्राकृतिक सुंदरता के आकर्षण ने बड़ी संख्या में लोगों को उद्यान की ओर खींचा। एसीएफ देवेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि रविवार को कुल 2 हजार 316 पर्यटकों ने उद्यान पहुंचकर यहां के समृद्ध वन्यजीव संसार और प्राकृतिक जैव विविधता का नजदीकी अवलोकन किया। इनमें से लायन सफारी और टाइगर सफारी दिनभर भीड़ का मुख्य केंद्र बनी रहीं। वहीं, कुल 460 सैलानियों ने इन दोनों सफारियों का प्रत्यक्ष अनुभव लेते हुए शेर और बाघ के शक्तिशाली, चंचल और रोमांचकारी व्यवहार को करीब से देखा। बाघों की गगनभेदी गर्जना, शेरों के शाही तेवर और उनकी विशिष्ट चाल-ढाल ने पर्यटकों को रोमांच से भर दिया, जिसमें कई आगंतुकों ने इस अनुभव को जीवन का यादगार पल बताया। नाहरगढ़ जैविक उद्यान इन दिनों न केवल जयपुरवासियों बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले पर्यटकों का पसंदीदा गंतव्य बनकर उभरा है। इसका मुख्य कारण है वन विभाग द्वारा किया जा रहा सुरक्षित, सुव्यवस्थित और पर्यटक-हितैषी प्रबंधन। उप वन संरक्षक विजयपाल सिंह के निर्देशन में पर्यटकों की सुरक्षा, सफाई, टिकटिंग, मार्गदर्शन, भीड़ नियंत्रण और सफारी संचालन पर विशेष ध्यान दिया गया। रविवार को एसीएफ देवेंद्र सिंह राठौड़ और रेन्जर शुभम शर्मा ने दोनों सफारियों की सघन मॉनिटरिंग करते हुए संपूर्ण व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। रेन्ज अधिकारी शुभम शर्मा की देखरेख में टूरिज्म मैनेजमेंट टीम द्वारा सफारी रूटों की नियमित निगरानी, वाहनों की समयबद्ध उपलब्धता, टिकटिंग काउंटरों पर पारदर्शी व तेज सेवा, पर्यटकों को दिशा-निर्देश, पगडंडियों व पाथवे की स्वच्छता तथा भीड़ प्रबंधन जैसी व्यवस्थाओं को प्रभावी रूप से लागू किया गया, जिससे पर्यटकों का अनुभव और अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और आनंददायक रहा।

वन विभाग की सतत निगरानी और उत्कृष्ट प्रबंधन के चलते नाहरगढ़ जैविक उद्यान आज राजस्थान के प्रमुख वन्यजीव पर्यटन स्थलों में अग्रणी स्थान रखता है। यह स्थल न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि वन्यजीव संरक्षण, प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा, पर्यावरण शिक्षा और जैव विविधता संरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का एक जीवंत केंद्र भी बन चुका है। उद्यान का प्राकृतिक वातावरण, हरियाली और वन्यजीवों का सहज व्यवहार पर्यटकों को प्रकृति से जोडने का अनूठा अवसर प्रदान करता है, जो उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव बनकर उभरता है।

## बिरला के जन्मदिवस पर भाजपा मंडल करेगा भव्य रक्तदान शिविर



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भाजपा रामगंजमंडी मंडल द्वारा 4 दिसंबर 2025 को एक भव्य रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम अग्रसेन अतिथि गृह, रामगंजमंडी में आयोजित होगा और इसे पार्टी द्वारा सेवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर अग्रसेन अतिथि गृह में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष अखिलेश मेड़तवाल ने की। बैठक में रक्तदान शिविर की रूपरेखा, चिकित्सा व्यवस्था, पंजीयन प्रक्रिया, सुरक्षा प्रबंधन तथा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

**बैठक में मौजूद पदाधिकारी:** बैठक में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह खटाना, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र काला, नगर अध्यक्ष शैलेष काला, प्रतिनिधि महेश श्रीवास्तव, पूर्व मंडल अध्यक्ष कमलेश गोइन, बबलू सामरिया, कालू नाकोड़ा, स्ष्ट मोर्चा जिलाध्यक्ष चंपालाल मेहरा, महामंत्री उमेश माहेश्वरी, विशाल जैन, भंवरलाल गुर्जर, मंत्री महेश नामदेव, प्रभुलाल छंदक, पार्षद सतीश गौतम, लोकेश पावेचा, वीरेंद्र सिंह, सुनील यादव, रामेश्वर अहीर, राजा धाकड़, भगवती शर्मा, पंकज पारेता, बजरंग एरवाल, रूपचंद माली, निहारिका चौहान, सतीश गहलोत, संदीप सिंह चंद्रावत, अंकित, हर्षित सरसिया, कारण धाकड़, पवन चौधरी, निखिल सुमन, सब्बीर भाई, भेरूलाल, जगदीश राठौर, महेश सुमन, रणजीत, आशीष सुनेजा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ईमानदारी और विश्वास से चलता है स्वर्ण रजत का व्यापार: ऊर्जा मंत्री



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने रविवार को स्वर्ण रजत कला उत्थान समिति के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया।

इस दौरान कार्यक्रम में विधायक संदीप शर्मा, रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश बिरला, भारतीय जनता पार्टी शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन, सुरेंद्र गोयल विचित्र भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि स्वर्ण रजत का व्यापार मेहनत, ईमानदारी और ग्राहक के साथ परस्पर बने व्यवहार व विश्वास से चलता है। आज देश-विदेश में सोने की चमक और डिमांड बढ़ रही है। इसके साथ ही व्यापारी और उपभोक्ता के बीच विश्वास भी बढ़े, यह जरूरी है। उन्होंने कहा कि विभिन्न संस्थाएं अपने बाजारों में कम्युनिटी सोलर लगाकर अपने बिजली बिल में कमी ला सकती हैं। इससे हमारी ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति होगी और हम ग्रीन एनर्जी की ओर बढ़ेंगे। मंत्री नागर ने कहा कि कोटा को हम सब मिलकर एक बेहतर शहर बनाएंगे। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के प्रयासों से जल्दी ही कोटा में हवाई सेवा शुरू होगी। रेल, रोड और वायु सेवा से एक बेहतर कनेक्टिविटी सामने आएगी तो शहर में निवेश भी बढेगा, पर्यटन भी बढ़ेगा और इससे व्यापार भी बढ़ेगा।

## बाल योद्धाओं ने संभाली चंबल सफाई की कमान, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** रविवार की सुबह चंबल किनारे सामान्य दिनों की तरह शुरू जरूर हुई, लेकिन माहौल कुछ अलग ही दिखाई दिया। हम लोग संगठन के बीटा स्वामी के विशेष संकल्प के तहत शिवपुरा बस्ती के 8 से 12 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने चंबल तट पर स्वच्छता अभियान चलाकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। नन्हे बालक-बालिकाओं ने पोलीथिन, मालाओं और सड़े हुए कचरे को तुरंत इक_ा कर साफ किया, साथ ही मिट्टी के पात्रों में पानी भरकर सीढियों को भी चमका दिया। बच्चों को इस तरह सफाई करते देख तट पर घूमने पहुंचे लोग रोमांचित महसूस कर रहे थे। इन बच्चों ने लोगों को चंबल में कचरा न डालने की प्रेरणा भी दी। अभियान के दौरान एजे डब्ल्यूएस टीम ने बच्चों को दिशा देने और उत्साह बढ़ाने का काम किया।

बीएसएफ के पूर्व कमांडेंट जनार्दन प्रसाद, आरती, डॉ. ज्योत्सना, रूपल सहित सभी सहयोगियों के मार्गदर्शन के प्रति आभार जताया गया। "साथी हाथ बढ़ाना" गीत की भावना को जीवंत करते इन बच्चों ने दिखा दिया कि जब समाज का युवा वर्ग जागरूक होता है, तो स्वच्छता अभियान जनआंदोलन बन जाता है। एजे डब्ल्यूएस संस्था व शिवपुरा बस्ती के बच्चों के इस योगदान ने चंबल संरक्षण को नई प्रेरणा दी है।

## 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में कोटा दल का उत्कृष्ट प्रदर्शन, लौटने पर हुआ भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** लखनऊ में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में राजस्थान के स्काउट-गाइड दल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीफ नेशनल कमिश्नर शील्ड, नेशनल कमिश्नर गाइड और नेशनल कमिश्नर स्काउट शील्ड अपने नाम कर प्रदेश का मान बढ़ाया।

जंबूरी से लौटने पर कोटा के दल का रेलवे स्टेशन पर जोरदार स्वागत किया गया। जिला प्रधान प्रकाश जायसवाल ने बताया कि 23 से 29 नवंबर तक आयोजित जंबूरी में कोटा से 50 सदस्यीय टीम सीओ स्काउट बृजसुंदर मीणा के नेतृत्व में शामिल हुई, जबकि कोटा मंडल से कुल 200 प्रतिभागी सहभागी रहे। राजस्थान के 1708 सदस्यों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शीर्ष अवॉर्ड जीते। स्वागत समारोह में जिले के पदाधिकारियों और समाजसेवियों ने दल का उत्साहवर्धन किया।

**तीन गांवों के ग्रामीणों का धरना**

# स्टेट हाईवे किया जाम, तहसीलदार व दो थानों की पुलिस ने समझाईश के बाद खुलवाया जाम

बढ़ता राजस्थान



**इटावा/कोटा (मुकेश गोस्वामी)।** कोटा जिले की पीपल्दा विधानसभा क्षेत्र के खातोली क्षेत्र के तलाव पंचायत क्षेत्र में लगने वाले भोपालगंज गांव व सब्जीपुरिया गांव के लोगों ने पुरानी पंचायत से दो-तीन गांवों को दूसरी नवीन पंचायत में जोड़ने से नाराज ग्रामीणों ने आगामी चुनावो का बहिष्कार करते हुए मांग रखी की भोपालगंज ओर सब्जीपुरिया सहनाली गांव को तलाव ग्राम पंचायत में एथावत रखा जाए जबकि नई ग्राम पंचायतों की प्रशासनिक आदेश लिस्ट में इन गांवों को नई पंचायत बनाकर दूसरे गांव की नवीन पंचायत में सम्मिलित कर दिया जो इन गांवों से 9 किलोमीटर दूर है। जबकि पुरानी तलाव ग्राम पंचायत इन गांवों से मात्र 3 किलोमीटर दूर है इस समस्या को लेकर ग्रामीण काफी समय से अधिकारियों के समक्ष ज्ञापनों के माध्यम से गुहार लगाते हुए चले आ रहे थे परंतु जब अधिकारियों ने इनकी मांगों को तवज्जो नहीं दिया तो मजबूर होकर यह ग्रामीण अल सुबह रविवार को कोटा श्योपुर स्टेटहाईवे 70 पर सैकड़ो महिला पुरुषों ने सडक़ जाम करके नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। जैसे ही अधिकारियों को ग्रामीणों द्वारा स्टेटहाईवे जाम का पता चला तो मौके पर खातोली नायब तहसीलदार भंवरसिंह खातौली पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से उक्त मामले में बातचीत की फिर भी ग्रामीण इटावा एसडीएम को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। वहीं दूसरी तरफ रोड पर दोनों और वाहनों का जमावड़ा देख नायब तहसीलदार ने इटावा उपखंड अधिकारी को मौके पर बुलाने का आश्वासन दिया।

वहीं पुलिस ने लोगों को समझाइश करके स्टेटहाईवे से ग्रामीणों को हटाकर जाम खुलवाया तब जाकर वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से जारी हुआ।

गौरतलब है भोपालगंज गांव से पिछले चुनावो में 93 फ़ीसदी वोट भाजपा को दिए गए क्या भाजपा की डबल इंजन सरकार होते हुए भी ग्रामीणों की बात अब तक क्यों सुनी नहीं जा रही है।

### इनका कहना

ग्रामीणों को 10 दिनों का आश्वासन देकर जाम खुलवाया है वही मामले के बारे में उच्च अधिकारियों को ग्रामीणों मांग के बारे में ग्रामीणों द्वारा दी गई ज्ञापनों की कॉपियां उच्च अधिकारियों को भेज कर 10 दिनों मे ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का प्रयास करेंगे । उच्च अधिकारियों के आदेश की पालना मे ही समस्या का समाधान हो पाएगा।

**भंवर सिंह,** खातौली नायब तहसीलदार

यदि 10 दिनों में प्रशासन द्वारा हमारे गांव को ग्राम पंचायत तलाव में वापस नहीं जोड़ा तो हम फिर रोड जाम करेंगे।

**महावीर वैष्णव,** बीजेपी बूथ अध्यक्ष, भोपालगंज।

## सुकेत: ठेकेदार पर कम गहराई में पाइप डालने के गंभीर आरोप, कार्य गुणवत्ता पर उठे सवाल

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी/सुकेत (नि.स.)।** नगरपालिका क्षेत्र में करीब एक करोड़ रुपये की लागत से बिछाई जा रही नई पेयजल पाइपलाइन को लेकर बड़े पैमाने पर लापरवाही और मानकों की अनदेखी के गंभीर आरोप सामने आए हैं। नगरपालिका के पीछे स्थित कालबेलिया बस्ती सहित पाँच कॉलोनियों में डाली जा रही इस पाइपलाइन के काम को लेकर स्थानीय निवासी और जनप्रतिनिधि दोनों ही नाराज़ हैं। नियमों के अनुसार पेयजल पाइपलाइन को लगभग 1 मीटर (सवा तीन फीट) गहराई में डालना अनिवार्य है, ताकि भविष्य में सडक़ निर्माण, भारी वाहनों की आवाजाही या खुदाई के दौरान पाइप को नुकसान न पहुँचे, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकेदार ने इन मानकों की पूरी तरह अनदेखी की है। आरोप है कि कई स्थानों पर पाइपलाइन को केवल 2 फीट, जबकि कुछ जगहों पर इससे भी कम डेढ़ फीट गहराई में ही डाल दिया गया है। इससे पाइपलाइन के टूटने, दबने और भविष्य में बार-बार मरम्मत की नौबत आने की संभावना बढ़ जाती है। खैराबाद पंचायत समिति के पूर्व उपप्रधान सुनील गौतम ने भी मामले में आपत्ति जताते हुए कहा कि करोड़ों की लागत वाली इस परियोजना में ठेकेदार मनमानी कर रहा है। उन्होंने विभाग से मौके पर माप कर गहराई की जांच करवाने और जहाँ मानकों का उल्लंघन हुआ है, वहाँ दोबारा सही गहराई में पाइपलाइन डालने की मांग की है। पीएचईडी अधिकारी बच्चू सिंह मीणा ने बताया कि मामले की जानकारी विभाग के संज्ञान में आ चुकी है। उन्होंने कहा हम स्थल निरीक्षण करवा रहे हैं। जहाँ भी पाइपलाइन मानक गहराई से कम पाई जाएगी, वहाँ ठेकेदार से नियमानुसार कार्रवाई करवायी जाएगी।

## राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में योगा एवं ध्यान कार्यक्रम, कैंपस में छाई सकारात्मक ऊर्जा

बढ़ता राजस्थान



**कोटा(विनोदगौड़)।** राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के थॉट एंड इनोवेशन सेंटर में रविवार सुबह आयोजित योगा एवं ध्यान कार्यक्रम ने पूरे परिसर में ऊर्जा और सकारात्मकता का वातावरण बना दिया। कुलगुरु प्रो. निमित रंजन चौधरी इस कार्यक्रम के प्रेरणास्रोत रहे। सत्र की शुरुआत सुबह 8 बजे सूर्य नमस्कार से हुई, जिसमें छात्रों, संकाय सदस्यों और स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

कार्यक्रम के दौरान भुजंगासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों ने नियमित योगाभ्यास से मिलने वाले शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रतिभागियों ने स्वयं योग के सकारात्मक प्रभावों को महसूस करते हुए इसे अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. लता गिदवानी ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन में संतुलन और अनुशासन का माध्यम है। ऐसे आयोजन युवाओं को मानसिक शांति और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं।

इवेंट के अंत में बीके प्रदीप गुप्ता और बीके विनोद गोचर ने मानसिक यंत्रों की जानकारी देते हुए स्वस्थ विद्यार्थी-समृद्ध विश्वविद्यालय का संदेश दिया। आयोजकों ने आगामी महीनों में नियमित ध्यान एवं योग सत्र शुरू करने की घोषणा भी की।

## रावतभाटा: वाल्मीकि सरस्वती संस्कार केन्द्र में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय मऊपूरा द्वारा संचालित वाल्मीकि सरस्वती संस्कार केन्द्र पर सप्त शक्ति संगम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती प्रतिभा सोनी तथा सह-बौद्धिक प्रमुख श्रीमती रजनी सेन उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती किरण खोखर ने की। कार्यक्रम में लगभग 50 महिलाएं एवं बहिनें उपस्थित थीं। केन्द्र पालक श्रीमती किरण शाक्यवाल ने अतिथियों का परिचय कराया। मुख्य वक्ता श्रीमती प्रतिभा सोनी ने कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण और मातृशक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। द्वितीय मुख्य वक्ता श्रीमती रजनी सेन ने महिलाओं से संबंधित विविध विषयों की जानकारी दी।

## पिपलेश्वर महादेव मंदिर में मूर्तियां क्षतिग्रस्त, व्यापारियों में रोष, बजरंगियों ने किया प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** शॉपिंग सेंटर स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर में रविवार तडक़े शिव परिवार की मूर्तियों को असामाजिक तत्व द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। सुबह पूजा के लिए पहुंचे पुजारी ने टूटी हुई मूर्तियां और जली पोशाकें देख तुरंत लोगों को सूचना दी। घटना से स्थानीय व्यापारियों में गहरा आक्रोश है। व्यापारियों का कहना है कि मंदिर से उनकी आस्था गहराई से जुड़ी है और वे प्रतिदिन दर्शन के बाद ही दुकान खोलते हैं।

सीसीटीवी फुटेज में सुबह लगभग 3:45 बजे एक संदिग्ध युवक मंदिर के आसपास घूमता दिखा है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

सूचना पर कोटा दक्षिण से बीजेपी विधायक संदीप शर्मा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने एएसपी दिलीप सैनी को त्वरित और कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। विधायक शर्मा ने बताया कि एक मंदबुद्धि व्यक्ति पिछले कुछ दिनों से मंदिर क्षेत्र में देखा जा रहा था और उसकी मानसिक स्थिति सामान्य नहीं लग रही। उन्होंने मांग की कि आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि मामला किसी साजिश से जुड़ा तो नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि पुलिस यह सुनिश्चित करे कि धार्मिक भावनाएं आहत न हों। एडिशनल एसपी दिलीप सैनी के अनुसार, स्थानीय लोगों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। संदिग्ध व्यक्ति सुबह फिर मंदिर के पास मिला था और बहकी-बहकी बातें कर रहा था। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

**प्रधानाचार्य फरनीष कुमार विजय का सेवानिवृत्ति कार्यक्रम**

## सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह... दो जगहों पर भव्य शोभायात्रा निकाली

बढ़ता राजस्थान



**भवानीमंडी (अब्दुल सलीम मंसूरी)।** सेवानिवृत्त सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण व वरिष्ठ अध्यापक राधेश्याम मेहर द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। इसके उपरांत प्राध्यापक लक्ष्मणराम यादव द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार किया गया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण और अधिक पवित्र एवं प्रभावी बन गया।

इसके बाद सभी स्टाफ साथियों द्वारा प्रधानाचार्य एवं सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात प्रधानाचार्य को साफा बंधाकर पवित्र ग्रंथ रामचरितमानस सहित उपहार, शॉल ,श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। इसी क्रम में एसडीएमसी सदस्यों में सेवानिवृत्त प्राध्यापक गिरधर गोपाल शर्मा व सुनीश दीक्षित ने भी माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। साथ ही उपस्थित गणमान्य लोगों में जोरावर सिंह चौहान, जितेंद्र सिंह चौहान, अशोक सोनी, तपन शर्मा, रितेश चौधरी, डॉक्टर हमीद मंसुरी (मेट्रो हॉस्पिटल), सत्यनारायण सोनी, प्रधानाचार्य राजकिशोर सिंघाडिया, मीडिया से खबर 24 के अनिल मेवाड़ा एवं बीपीए न्यूज़ संवाददाता किशोर तंवर सहित उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों एवं बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पचपहाड के स्टाफ सदस्यों द्वारा भी माल्यार्पण कर प्रधानाचार्य जी का अभिनंदन किया गया।उप प्रधानाचार्य कृष्ण गोपाल वर्मा द्वारा प्रस्तुत विदाई गीत ने समारोह को भावुक बना दिया। उन्होंने ही अभिनंदन पत्र का वाचन किया। अपने आशीर्वचन में प्रधानाचार्य फरनीष कुमार विजय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय में मुख्यमंत्री जन सहभागिता के अंतर्गत बाल वाटिका के लिए एक कक्षा कक्षा हेतु 3,20,000 (तीन लाख बीस हजार रुपये) प्रदान करने की महत्वपूर्ण घोषणा की, जिसे विद्यालय स्टाफ एवं उपस्थित नागरिकों ने अत्यंत प्रशंसा के साथ स्वीकार किया। अंत में उप प्रधानाचार्य भगतसिंह डागुर ने सभी अतिथियो हृदयपूर्वक आभार जताया। वक्ताओं ने कहा कि फरनीष कुमार विजय ने अपने कार्यकाल में विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन, नवाचार और छात्रहित को सदैव सर्वोपरि रखा। वह सदैव एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व के रूप में स्मरण किए जाते रहेंगे। शोभायात्रा की शुरुआत महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पचपहाड़ से शुरू होकर पूरे नगर में प्रधानाचार्य जी को घोड़ी पर बैठाकर ढोल,बैंड- बाजों और भव्य आतिशबाज़ी के साथ उत्साहपूर्ण माहौल में निकाली गई जिसमें विद्यालय के छात्र स्टॉफ सदस्य और नागरिक ढोल बाजे की थाप पर नाचते हुए चल रहे थे।

इसी प्रकार कबीर ट्रेडिंग कंपनी के प्रोपराइटर दिलीप मेहर, स्कूल की एस एम सी के अध्यक्ष ताराचंद मेहर ने अपने पिता सेवानिवृत प्रधानाध्यापक रामप्रसाद सालवी के नेतृत्व में प्रधानाचार्य के चित्रवाला होल्डिंग लगाकर शॉॅल श्रीफल आदि भेंट कर एवं बाबा चौराहे पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी बालाराम बालोदिया द्वारा एवं पूर सिंह गुर्जर द्वारा भी अभिनंदन किया इस तरह पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल रहा। इसके बाद भवानीमंडी नगर में भी शोभायात्रा निकाली गई।

# एसआईआर के दबाव में बीएलओ की मौत

## बहन बोली-रात में दो-दो बजे तक काम करते थे

## डाटा अपलोड करते समय बेहोश हुए



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** विशेष गहन पुनरीक्षण के फॉर्म अपलोड करते समय बूथ लेवल ऑफिसर की मौत हो गई। बहन का आरोप है कि एसआईआर के काम का बहुत दबाव था। रोज रात के दो बजे तक काम करते थे। 29 नवंबर की रात 1 बजे चाय मांगी, लेकिन पीने से पहले ही बेहोश होकर गिर पड़े। मामला धौलपुर शहर के निहालगंज इलाके के प्रताप विहार कॉलोनी का है। जानकारी के अनुसार, अनुज गर्ग (42) धौलपुर शहर के गौशाला सेक्टर की भाग संख्या 158 के बीएलओ थे।

बहन वंदना गर्ग ने बताया- काम का दबाव इतना अधिक था कि अनुज को रोजाना देर रात 2 बजे तक काम करना पड़ता था। घटना वाली रात भी करीब 1 बजे अनुज मतदाताओं से संबंधित फॉर्म का डेटा अपलोड कर रहे थे। इस दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्होंने चाय मांगी और चाय पीने से पहले ही अचानक बेहोश होकर गिर पड़े।

बहन ने कहा- चाय भी पूरी नहीं बन पाई थी। परिवार में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। तुरंत उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### पुलिस ने सुबह कराया पोस्टमॉर्टम

बीएलओ की मौत के बाद परिजन रात में ही शव को घर ले गए थे। सुबह जब मामला सामने आया तो निहालगंज पुलिस और पीएमओ (चिकित्सा प्रभारी) डॉ. समरवीर सिंह अनुज के घर पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी ली।

पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिवार वालों को सौंप दिया गया है। अनुज गर्ग के साथियों ने बताया कि उन्होंने एसआईआर का 85प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर लिया था। वह अपने लक्ष्य को 100प्रतिशत तक पहुंचाने में जुटे हुए थे। इसी कारण वे लगातार मानसिक और शारीरिक तनाव में थे।

### वर्ष 2012 में शिक्षक पद पर हुई थी नियुक्ति

अनुज गर्ग राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरा में शिक्षक के पद पर तैनात थे। उन्हें वर्ष 2012 में नियुक्ति मिली थी।

### पत्नी और बच्चों के साथ परिवार से अलग रहते थे

वंदना ने बताया- अनुज गर्ग अपने बड़े भाई अनुपम गर्ग (45) से अलग रहते थे। उनके साथ पत्नी संगीता, बेटे हर्षित गर्ग (9) और देवांश (2), मां ओमवती रहती थीं। माता के एकादशी उद्यापन की थी तैयारी परिजनों ने बताया कि अनुज को अपनी माता के एकादशी व्रत का उद्यापन करना था, जिसकी तैयारी वह कुछ दिन पहले से कर रहे थे।

## राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर के सन् 2000 बैच के लगभग 30 पूर्व कैडेट्स ने मनाई रजत जयंती



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** केसरबाग स्थित राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर में पढ़ें हुए, सन् 2000 के बैच के पास आउट कैडेट्स ने विद्यालय में आकर 29 नवंबर 2025 शनिवार को अपनी रजत जयंती मनाई। यह पूर्व कैडेट्स देश में विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं, कई कर्नल, लेफ्टिनेंट कर्नल, सिविल सेवा एवं बिजनेस में अपना कार्य क्षमता दिखा रहें हैं। विद्यालय में आकर अपनी पुरानी यादें तरो - ताजा की विद्यालय के मोटिवेशन हॉल का निरीक्षण किया, अपने-अपने सदनों में भी गए, विद्यालय के भोजनालय में चाय नाश्ता एवं भोजन किया, विद्यालय के वर्तमान छात्र एवं पूर्व छात्रों में मित्रतावत बास्केटबॉल मैच का आयोजन किया गया। इस बैच ने विद्यालय को दान के रूप में 5 लाख रुपए नगद प्रदान किए। प्रतिष्ठित अल्मा मेटर से स्नातक होने की रजत जयंती के उपलक्ष्य में स्कूल के मिलेनियम बैच का विद्यालय ने स्वागत किया। इस बैच के छात्र मार्च 2000 में स्कूल से निकले थे और उच्च चुनौतियों का सामना करने के लिए देश-विदेश में विभिन्न व्यवसायों में उत्कृष्टता हासिल की है।

इस बैच ने प्रधानाचार्य, शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों के साथ बातचीत की। इन पूर्व छात्रों के परिवार भी बड़े उत्साह और उमंग के साथ इस अवसर की शोभा बढ़ाई । स्कूल ने इस समारोह को पूर्व छात्रों के प्रति कृतज्ञता और पुरानी यादों से भरा और वर्तमान पीढ़ी के छात्रों के लिए प्रेरणा से भरा एक यादगार समारोह बनाने के लिए एक विस्तृत कार्यक्रम तैयार किया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापकगण एवं छात्र उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल अमित शर्मा ने पूर्व छात्रों का आभार व्यक्त किया।

## सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारियों का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण शाखा भरतपुर के महासचिव श्याम सिंह सोलंकी की अध्यक्षता में संस्थान की मासिक संगोष्ठी पुलिस लाईन भरतपुर स्थित मीटिंग हॉल में आयोजित हुई, जिसमें सेवानिवृत पुलिस कर्मियों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक ग में उपस्थित सदस्यों ने सेवानिवृत पुलिस कर्मियों एवं अधिकारियों के परिचय पत्र बनवाने एवं संस्थान की मीटिंग हेतु भवन आवंटित कराने के सम्बन्ध में मांग उठाई, जिस बावत उच्चाधिकारियों से सम्पर्क कर ज्ञापन देने हेतु निर्णय लिया गया। सचिव गिरधारी लाल गुप्ता ने बताया कि आज सेवानिवृत हुए महेन्द्र सिंह, नेकराम एवं प्रभूदयाल मीणा हैड कानि0 का माला, साफा, पहनाकर गरमजोशी से स्वागत किया गया एवं उन्हें स्मृति चिन्ह व संस्था की स्मारिका भी भेंट की गई। इन सभी को संस्था की सदस्यता ग्रहण करायी गयी व इनकी दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई।

इस अवसर पर श्याम सिंह, भीमसिंह, परसराम शर्मा, गिरधारी लाल गुप्ता, बलवीर शर्मा, गजेन्द्र सिंह, सत्यप्रकाश गोयल, सुरेन्द्र चाहर, श्यामसुन्दर शर्मा, बृजेश शर्मा, दिनेश कटारा एवं प्रवक्ता किशनलाल शर्मा उपस्थित रहे।

## धौलपुर में संतर रोड पर ट्रैफिक पुलिस ने हटाया अतिक्रमण: लोगों की शिकायत पर जाम की समस्या से मिलेगी राहत



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** धौलपुर शहर के संतर रोड पर बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को कार्रवाई की। सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा किए गए कब्जों, ठेलों और सामान की वजह से संतर रोड पर अक्सर जाम की स्थिति बन जाती थी। राहगीरों ने बताया कि अवैध अतिक्रमण से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए।

इसके बाद ट्रैफिक इंचार्ज सब इंस्पेक्टर बलविंदर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने कई दुकानदारों को चेतावनी दी और सड़क पर किए गए अवैध कब्जों को हटवाया।

### राहत की सांस- सड़क साफ होते ही ट्रैफिक सुचारू हुआ

अभियान के बाद सड़क से अवरोध हटने पर लोगों ने राहत व्यक्त की और पुलिस प्रशासन की सराहना की। स्थानीय निवासियों ने कहा कि इस कार्रवाई से ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार होगा और रोजाना लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी। पुलिस ने कहा कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## दो दिवसीय महारानी किशोरी केसरी महिला कुश्ती दंगल शुरू

### विभिन्न खिताबों के लिये रोमांचकारी संघर्षमय मुकाबले हुए

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** महारानी किशोरी महिला स्टेडियम में रविवार से प्रारम्भ हुई दो दिवसीय 30वें महारानी किशोरी महिला केसरी दंगल में पहले दिन विभिन्न खिताबों के अनेक संघर्षमय रोचक मुकाबले हुए।
दंगल के संयोजक यदुवीर सिंह सिनसिनी ने बताया कि रविवार को महारानी किशोरी केसरी के हुए मुकाबलों में उत्तर प्रदेश की गामनी ने पंजाब की प्रियंका कौर को हरियाणा की नीशू ने राजस्थान की आर्या को उत्तर प्रदेशकी नेहा कौशिक ने, हरियाणा की मुस्कान को पराजित कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। वहीं बृज केसरी के मुकाबले में मथुरा की लवली ने परमदरा की संजना गुर्जर को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में इसका मुकाबला मथुरा की महक से होगा। इसी तरह राजस्थान केसरी के खिताब में अलवर की गुंजन यादव, जयपुर की निष्ठा शर्मा, भरतपुर की साक्षी सिंह व अलवरकी पलक यादव ने सेमी फाइनल दौर में प्रवेश पाया तो जिला केसरी के खिताब पर तनवी ने अर्चना को, मुस्कान नेव अक्षरा को, पायल ने योगिता को, अंकिता ने यश्वी को, नीरज ने कनिष्का को पराजित कर अगले दौर में प्रवेश पाया।

दंगल में निर्णायक की भूमिका मान सिंह, प्रिया फौजदार, अर्जुन गुर्जर, जय भगवान व पृथ्वी सिनसिनवार, हरीशंकर यादव बनारस ने निभाई। दंगल में विभिन्न खिताबों के लिए 80 महिला पहलवान भाग ले रही हैं।

दंगल से पूर्व एक समारोह में सेवर पंचायत समिति के प्रधान राजू जघीना ने दंगल का विधिवत उदघाटन किया, अध्यक्षता रेंजर मानसिंह ने की। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि केक रूप में डॉ. विश्वजीत सिंह, प्रवेन्द्र कुमारी, अयूब खान, कैप्टेन हरिओम पथौली, पार्षद अशोक लवानियां व बहादुरसिंह सिकरवार मौजूद रहे।

अखाडे की विधिवत पूजा अर्चना राजवीर पहलवान जघीना ने की। इस मौके पर दंगल को देखने के लिए बडी संख्या में महिला व पुरूष दर्शक आयोजन स्थल पर मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना मन की बात का 128वॉ एपीसोड

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रेरणादायी रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 128वां एपीसोड पूरे देश भर में प्रसारित किया गया। जिसके तहत भारतीय जनता पार्टी कार्यालय भरतपुर में मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक कुशलपाल राजावत उर्फ बिट्टू के निर्देशन में मन की बात का 128वां एपीसोड अनेकों भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा देखा व सुना गया। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात के 128वें एपीसोड में अनेकानेक मुद्दों पर देश को सम्बोधित किया। यह संस्करण खेल उपलब्धियों, वोकल फोर लोकल, विंटर ट्यूरिज्म, आईएनएस माही से जुडी आत्मनिर्भर नौसेना और काशी-तमिल संगमम इत्यादि सांस्कृतिक आयोजनों से परिपूर्ण था। प्रधानमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी महिला विश्व कप जीतकर इतिहास रचा है, भारत को 2030 की राष्ट्र मण्डल खेलों की मेजवानी मिलना देश के लिए अहम है। उन्होंने समस्त देशवासियों से यह अपील की कि नव वर्ष की खरीदारी के समय वोकल फोर लोकल को अवश्यमेव प्राथमिकता दें जिससे स्थानीय कारीगर, लघु व्यापारी और साथ ही भारतीय उद्योगों को मजबूत बनाया जा सके तथा देश की आत्म निर्भरता सुनिश्चित की जा सके। जिसके परिणामस्वरूप देश की अर्थ व्यवस्था निश्चित रूपेण सुदृढ होगी।

कार्यक्रम के जिला संयोजक कुशपाल राजावत ने कहा कि मन की बात एक रेडियो शो ही नहीं है बल्कि राष्ट्रीय संवाद बन चुका है। यह कार्यक्रम 22 भारतीय भाषाओं और 29 बोलियों में प्रसारित होता है।

कार्यक्रम में जिला सह संयोजक कुलदीप पोषवाल, योगा सहनावली, अनुराग तमरोली, कृष्णा जाट, जिला उपाध्यक्ष मनोज खंडेलवाल, जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी डॉ. वीरेन्द्र पचौरी, कार्यालय प्रभारी उत्तम शर्मा, रूपसिंह केन, आकाश हथैनी, वीरेन्द्र गुर्जर, चन्द्रशेखर शर्मा, मनीष पहलवान, राहुल चौधरी, पंकज शर्मा, ओमेन्द्र भारद्वाज, लोकेश सैनी, कन्हैया जादौन, तेजराज आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डॉ. गर्ग ने सामाजिक व वैवाहिक कार्यक्रमों में की शिरकत

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर विभिन्न सामाजिक व वैवाहिक कार्यक्रमों में शिरकत की साथ ही लोगों की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्याओं का समाधान कराने के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। डॉ. गर्ग ने रविवार को शहर के कृष्णा नगर, रणजीत नगर, मुरवारा, तुहिया, तमरौली, नगला बिलौठी, बाघई, पीपला, गुलाबी का नगला सहित विभिन्न गांव और शहर की कॉलोनियों में पहुंचकर लोगों की समस्याऐं सुनी और विभिन्न वैवाहिक समारोह में शिरकत कर बधाई व शुभकामनायें दी।

## रात्रि की बजाय दिन में विद्युत सप्लाई करने पर दिया जोर

### सर्दी के मौसम में किसानों को फसलों की सिंचाई करने में हो रही परेशानी-डॉ.गर्ग

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** सर्दी के मौसम में किसानों को अपनी फसल की सिंचाई करने के लिये रात्रि में विद्युत विभाग द्वारा दी जा रही बिजली सप्लाई के कारण हो रही परेशानी को देखते हुये पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता सहित उच्च अधिकारियों से वार्ता कर किसानों को दिन में बिजली की सप्लाई करने के निर्देश दिये ताकि किसानों को सर्दी के मौसम में सिंचाई करते समय परेशानी न हो।

विधायक डॉ. गर्ग ने अधिकारियों से वार्ता कर कहा कि लगातार सर्दी का असर बढ़ता जा रहा है और किसानों को अपनी फसलों की सिंचाई के लिये इन दिनों विद्युत सप्लाई की विशेष आवश्यकता होती है। हालांकि किसानों को अपनी फसलों की सिंचाई के लिये विद्युत सप्लाई तो दी जा रही है लेकिन रात्रि में विद्युत सप्लाई दिये जाने से किसानों को सर्दी के मौसम में अपनी फसलों की सिंचाई करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। उन्होंने क्षेत्र के पीपला फीडर, जिरौली फीडर, सैंथरा फीडर, ऊंदरा फीडर, खैमरा फीडर सहित अन्य फीडरों से दिन में ही विद्युत सप्लाई कराने पर जोर देते हुये कहा कि सरकार की मंशा है कि किसी भी तरह से किसानों को कोई परेशानी न हो। उनकी फसलें उन्नत किस्म की हो और किसान खुशहाल हो, उसी मंशा के तहत किसानों को दिन में विद्युत सप्लाई देकर उन्हें राहत प्रदान की जाये।

## महिला और बच्चों से संबंधित अपराधों का प्राथमिकता से निस्तारण करे- अखलेश शर्मा

### डीग थाना कोतवाली में ए एस पी अखिलेश शर्मा ने लंबित मुकदमों की समीक्षा कर दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग थाना कोतवाली में रविवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अखलेश शर्मा ने सभी अनुसंधान अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर लंबित मुकदमों की प्रगति की गहन समीक्षा की और बलात्कार और पोस्को एक्ट के मुकदमों को निर्धारित समय में निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बैठक का मुख्य उद्देश्य लंबित प्रकरणों का गुणवत्ता के साथ शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करना तथा आमजन को त्वरित, पारदर्शी और न्यायसंगत सहायता प्रदान करना था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अनुसंधान में अनावश्यक देरी से आम नागरिकों का पुलिस विभाग पर विश्वास प्रभावित होता है, इसलिए प्रत्येक प्रकरण में समयबद्ध व निष्पक्ष जांच सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गंभीर अपराधों, महिला एवं बच्चों से संबंधित मामलों तथा लंबे समय से लंबित प्रकरणों को विशेष प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारित किया जाए। बैठक के दौरान ए एस पी शर्मा ने केस डायरी को नियमित रूप से अपडेट रखने, साक्ष्यों का वैज्ञानिक तरीके से संकलन करने तथा पीड़ित पक्ष से निरंतर संवाद बनाए रखने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस का मूल उद्देश्य केवल अपराध दर्ज करना ही नहीं, बल्कि पीड़ित को न्याय दिलाने की प्रक्रिया को सरल व तेज बनाना है।

## डीग जिले में एस आई आर का 97.89 प्रतिशत कार्य पूर्ण

### 7.82 लाख से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन एवं यूईएफ चिन्हीकरण संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर उत्सव कौशल के सतत पर्यवेक्षण और मैदानी अमले की सक्रियता के फलस्वरूप, रविवार तक डीग जिले में गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन और अनुपलब्ध मतदाताओं के चिन्हीकरण का संयुक्त आंकड़ा 97.89 प्रतिशत तक पहुँच गया है।

जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा 30 नवंबर को सायं 4 बजे जारी प्रगति प्रतिवेदन के अनुसार, जिले में अब तक कुल 7,82,602 मतदाताओं से संबंधित कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसमें 7,43,519 गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन और 39,083 अनुपलब्ध मतदाताओं के प्रपत्रों का चिन्हीकरण शामिल है । वर्तमान में जिले में केवल 16,903 प्रपत्रों पर कार्यवाही शेष है, जिसे आगामी दिवसों में पूर्ण करने हेतु कार्ययोजना निर्धारित की गई है ।

आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार, जिले की तीनों विधानसभाओं में कार्य लगभग पूर्णता की ओर है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय सीमा बढ़ी अब 11 दिसंबर तक चलेगा गणना कार्य

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 14 फरवरी 2026 को होगा

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** भारत निर्वाचन आयोग ने 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के संदर्भ में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय सारणी में संशोधन किया है। आयोग ने विभिन्न गतिविधियों के लिए निर्धारित तिथियों को एक सप्ताह तक बढ़ा दिया है, जिससे आमजन और प्रशासन को मतदाता सूची अद्यतन करने के लिए अतिरिक्त समय मिल सकेगा। आयोग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, अब गतिविधियां इस प्रकार आयोजित की जाएगी। घर-घर जाकर सर्वे और गणना का कार्य अब 11 दिसंबर तक पूरा किया जाएगा । मतदान केंद्रों के पुनर्गठन और युक्तिकरण का कार्य भी 11 दिसंबर तक किया जाएगा। कंट्रोल टेबल का अपडेशन और प्रारूप मतदाता सूची की तैयारी 12 दिसंबर से 15 दिसंबर के बीच की जाएगी । मतदाता सूची का प्रारूप अब 16 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा ।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन के लिए दावे और आपत्तियां 16 दिसंबर से 15 जनवरी 2026 तक स्वीकार की जाएंगी। प्राप्त दावों और आपत्तियों का निस्तारण 16 दिसंबर से 7 फरवरी 2026 तक किया जाएगा।

## सेवा अभियान के तहत 71 परिवारों के 400 से अधिक जरूरतमंद लोगों को वितरित किए ऊनी वस्त्र



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** आशारामजी गौशाला के तत्वावधान में गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को सर्दी से राहत हेतु एक विशेष सेवा अभियान का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। सेवा दल द्वारा करीब 71 परिवारों के 400 से अधिक जरूरतमंद लोगों को कम्बल, ऊनी वस्त्र, उपयोगी कपड़े, मिठाई, प्रसाद, नववर्ष कैलेंडर, घरेलु उपयोगी वस्तुएं तथा विद्यार्थियों को कॉपी व पेन वितरित किए गए। जिससे लोगों एवं विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई। गौ सेवकों ने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य समाज सेवा, सत्संग, परोपकार व संस्कार की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि यह सेवा कार्य संत आशाराम के सेवा ही सच्ची साधना है, से प्रेरित होकर आयोजित किया गया। गौशाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि गौशाला द्वारा ऐसे सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में नैतिकता, मानवीय मूल्य व संस्कार देने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। इस अवसर पर सुरेश जांगिड़, रमेश जांगिड़, अशोक लंगड़ी व रामअवतार जांगिड़ सहित आशाराम गौशाला प्रबंधन व श्री योग वेदांत समिति के कई सदस्य मौजूद थे।

## एसडीएमसी व एसएमसी सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आज से

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के निर्देशानुसार शहरी संकुल संदर्भ क्षेत्र निवाई के अधीनस्थ विद्यालय पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई, बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, महात्मा गांधी नवीन निवाई, आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय कानून गो दीनदयाल कॉलोनी, उच्च प्राथमिक विद्यालय गांधी निवाई, उच्च प्राथमिक विद्यालय सिटी नंबर 3 शिवाजी कॉलोनी, प्राथमिक विद्यालय ढाणी जमात, प्राथमिक विद्यालय औद्योगिक क्षेत्र निवाई व राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय संस्कृत निवाई के एसडीएमसी एवं एसएमसी सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सोमवार से शुरू होगा। शहरी संकुल प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद गुर्जर ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में प्रत्येक विद्यालय से एक जनप्रतिनिधि सहित 6 सदस्य भाग लेंगे। एसडीएमसी एवं एसएमसी सदस्यों को दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा विद्यालय विकास योजना, विद्यालय आवश्यक संसाधन, नई शिक्षा नीति 2.0, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, विद्यालय स्वच्छता, कल्याणकारी योजनाएं, एमडीएम एवं दुग्ध योजना के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## रजवास में घुमंतू जातियों के लोगों के भरवाएं एसआईआर प्रपत्र



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** ग्राम पंचायत रजवास में राज्य सरकार के निर्देशानुसार वर्षों से गांव में रह रहे घुमंतू जातियों के लोगों का 2002 की वोटर लिस्ट में नाम नहीं होने से रविवार को उनके एसआईआर प्रपत्र भरवाए गए। ग्राम विकास अधिकारी विनोदकुमार परिडवाल ने बताया 2002 की लिस्ट में घुमंतु, अर्द घुमंतू एवं विमुक्त जातियों के नाम नहीं थे। उनका सर्वे कर 8 परिवारों का एसआईआर प्रपत्र भरवाएं गए है। उन्होंने बताया कि आठ परिवारों का सर्वे कर वोटर लिस्ट 2002 की में नहीं होने पर उनके नाम जोडने की प्रक्रिया की जाएगी।

## युवती ने होटल में चुन्नी के फंदे से लटककर दी जान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मानसरोवर थाना इलाके में दिल्ली से जयपुर घूमने आई एक युवती ने होटल के कमरे में चुन्नी के फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जयपुरिया अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने होटल कर्मचारियों से मिली युवती के आधार कार्ड के अनुसार उसकी शिनाख्त कर मामले की जानकारी उसके परिजनों को दी। परिजनों के आने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बताया जा रहा है कि पुलिस को मृतका के पास से किसी तरह का कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने घटनास्थल से एफएसएल टीम की सहायता से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाकर मामले की जांच शुरु कर दी है। थानाधिकारी लखन सिंह खटाना ने बताया कि सना (21) पुत्री नौशाद दिल्ली के राजीव नगर करावल नगर की रहने वाली थी और चार दिन पहले ही 21 नवंबर को उसने वीटी रोड स्थित एक होटल में किराए पर कमरा लिया था। चार दिन होटल में रहने और घूमने फिरने के बाद उसके दोस्त इदरीश ने होटल का भुगतान भी किया।

25 नवंबर रात करीब सवा 11 बजे इदरीश सना से मिलने के लिए होटल पहुंचा तो सना ने दरवाजा नहीं खोला। इस पर ईदरीस को लगा वो सो गई होगी। 26 नवंबर सुबह 11 बजे तक सना कमरे से बाहर नहीं आई। ईदरीस को बुलाकर होटल स्टाफ ने दरवाजा खटखटाया, काफी आवाज लगाने और कॉल करने के बाद भी सना ने जवाब नहीं दिया। शक होने पर होटल कर्मचारियों ने मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दूसरी चाबी से दरवाजा खोला तो सना सुन्नी के फंदे से झूलती हुई मिली।

### जिला चिकित्सालय निम्बाहेड़ा में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

# 550 से अधिक मरीजों को मिला लाभ, अब 10 बेडेड डायलसिस यूनिट शुरू होने की तैयारी

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में जिला चिकित्सालय निम्बाहेड़ा निरंतर नई उपलब्धियाँ दर्ज कर रहा है। पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी की पहल पर स्थापित डायलसिस यूनिट ने स्थानीय नागरिकों के लिए जीवनदायी सुविधा प्रदान की है। फरवरी 2025 में शुरू की गई यह सेवा अब क्षेत्र की बड़ी आवश्यकता बन चुकी है और इसी कड़ी में अस्पताल प्रशासन ने डायलसिस यूनिट का विस्तार करते हुए 10 बेडेड नई यूनिट लगभग तैयार कर ली है, जो जल्द ही जनता को समर्पित कर दी जाएगी।

**2 बेडेड डायलसिस यूनिट से हुई सफलता की शुरुआत:** 14 फरवरी 2025 को विधायक श्रीचंद कृपलानी द्वारा जिला चिकित्सालय में 2 बेडेड डायलसिस यूनिट का शुभारंभ किया गया था। इस सुविधा ने उन मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित की है जिन्हें डायलसिस कराने के लिए पहले उदयपुर, चित्तौडग़ढ़ या अन्य शहरों की दूरी तय करनी पड़ती थी। यूनिट के शुरू होने के बाद चिकित्सालय प्रशासन ने प्रशिक्षित स्टाफ, आधुनिक मशीनों और व्यवस्थित शिफ्टिंग व्यवस्था के माध्यम से मरीजों को लगातार सेवाएं उपलब्ध करवाईं। इसी समर्पित व्यवस्था का परिणाम है कि पिछले आठ महीनों में करीब 550 मरीजों ने इस डायलसिस सेवा का लाभ लिया, जिससे उनकी आर्थिक तथा समय संबंधी कठिनाइयों में उल्लेखनीय कमी आई।

**10 बेडेड डायलसिस यूनिट का निर्माण अंतिम चरण में:** क्षेत्र में तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य आवश्यकताओं को देखते हुए विधायक श्रीचंद कृपलानी की अनुशंसा पर चिकित्सालय में डायलसिस क्षमता बढ़ाने के लिए 10 बेडेड नए यूनिट का निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। इसके शुरू होने के बाद चिकित्सालय में डायलसिस सेवाओं की क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी और मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध हो सकेगा। यह सुविधा विशेष रूप से उन ग्रामीण एवं दूर-दराज क्षेत्रों के मरीजों के लिए बड़ा सहारा बनेगी, जिन्हें अब तक सीमित बेड क्षमता के कारण इंतजार करना पड़ता था। नई यूनिट से आपातकालीन स्थिति में भी मरीजों को तत्काल डायलसिस उपचार उपलब्ध हो सकेगा, जिससे जटिल परिस्थितियों में जीवन बचाने जैसी महत्वपूर्ण स्थितियों में बड़ी सहायता मिलेगी।

**विधायक कृपलानी की पहल से स्वास्थ्य ढांचे में निरंतर मजबूती:** विधायक श्रीचंद कृपलानी ने हमेशा निम्बाहेड़ा क्षेत्र की चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने को प्राथमिकता दी है। डायलसिस यूनिट की स्थापना और उसका विस्तार इसी सोच का परिणाम है। विधायक की सक्रियता के चलते अस्पताल में नई मशीनें लाई गईं, आवश्यक स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की गई और मरीजों के लिए एक अनुकूल एवं सुरक्षित उपचार वातावरण तैयार किया गया है। उनकी यह पहल न केवल वर्तमान में मरीजों को राहत दे रही है, बल्कि आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन का मार्ग भी प्रशस्त कर रही है।

### क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि

निम्बाहेड़ा जिला चिकित्सालय में डायलसिस सेवाओं का विस्तार क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। जहाँ 2 बेडेड यूनिट ने शुरुआती आठ महीनों में 550 मरीजों को राहत प्रदान की, वहीं 10 बेडेड यूनिट शुरू होने के बाद यह सुविधा और भी व्यापक एवं सुचारू रूप से उपलब्ध हो सकेगी। इससे नगर ही नहीं बल्कि पूरे उपखंड एवं नजदीकी ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोग सीधे लाभान्वित होंगे। स्वास्थ्य ढांचे की इस बड़ी प्रगति ने निम्बाहेड़ा को चिकित्सा सुविधाओं के क्षेत्र में एक सशक्त और सक्षम केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में उल्लेखनीय कदम बढ़ाया है।

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल बिश्नोई का भव्य स्वागत, संगठन शक्ति और चुनावी रणनीति पर मजबूत संदेश

### शहरभर में जगह-जगह हुआ अभिनंदन, 'मन की बात' कार्यक्रम में विशेष सहभागिता

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल बिश्नोई का ब्यावर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं व व्यापारिक संगठनों ने जगह-जगह जोरदार स्वागत किया। महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्होंने अपने दौरे की शुरुआत की अजमेर रोड पुलिया से लेकर चांग गेट तक विभिन्न स्थानों पर पार्षद मनोज तंवर, व्यापार संघ अध्यक्ष संजय घीया, भाजपा नेता रणजीत सिंह सांखला, पवन जैन, रतन गुर्जर, मंगत सिंह मोनू, राजू भाई, तथा ताराचंद साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माला, साफा पहनाकर और तलवार भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। शहर में उनका काफिला कई स्थानों पर उत्साह के बीच रुका, जहां कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से शुभकामनाएं दीं इसके बाद भाजपा नेताओं नरेश कनोजिया, सुरेश वैष्णव, भगवान राम विश्नोई सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम में बिश्नोई ने विशेष रूप से भाग लिया। श्रीराम होटल में सभी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों को श्रवण किया।अपने संबोधन में प्रदेश उपाध्यक्ष बिश्नोई ने कहा संगठन की मजबूती ही भाजपा की असली ताकत है। बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर प्रत्येक कार्यकर्ता को पार्टी को मजबूत करना होगा। उन्होंने आगामी निकाय एवं पंचायत चुनावों को भाजपा के लिए निर्णायक बताते हुए कहा कि हर कार्यकर्ता घर-घर जाकर भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुँचाए, ताकि निकाय से लेकर विधानसभा तक प्रचंड जीत सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चल रही योजनाओं को जनता तक पहुँचाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इन जनउपयोगी योजनाओं का प्रसार ही संगठन के प्रति विश्वास को और मजबूत करेगा कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, व्यापारी और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डाकघर की जीवन बीमा योजनाओं में बड़ी सौगात

### पीएलआई/आरपीएलआइ पर 52 प्रति हजार का आकर्षक बोनस

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** भारतीय डाक विभाग के ब्यावर मण्डल द्वारा डाक जीवन बीमाऔर ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजनाओं को बढ़ावा देने हेतु दिसंबर माह में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ये योजनाएं आमजन को कम प्रीमियम में अधिक लाभ देते हुए सुरक्षित भविष्य और परिवार की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं डाक विभाग की ओर से संचालित ये बीमा योजनाएं महिलाओं, बालिकाओं, विकलांगजन, तथा ग्रामीण व शहरी—सभी वर्गों के लिए उपलब्ध हैं।

19 से 55 वर्ष तक कोई भी व्यक्ति बिना किसी आय-श्रेणी की बाध्यता के डाकघर से जीवन बीमा करवा सकता है। इसके साथ ही परिवारों के लिए संयुक्त जीवन बीमा योजना भी चलाई जा रही है।

ग्रामीण डाक जीवन बीमा में 10 लाख रुपये तक और डाक जीवन बीमा में 50 लाख रुपये तक का बीमा कराया जा सकता है। बीमा योजनाओं की सबसे बड़ी विशेषता है—बोनस दर 52 रुपये प्रति हजार, जो कि अन्य बीमा कंपनियों की तुलना में काफी अधिक है और इसे अत्यंत लाभकारी योजना बनाता है ब्यावर मण्डल के अधीक्षक डाकघर कमलेश प्रजापत ने आमजन से अपील की है कि 6 दिसम्बर 2025 तक चल रहे विशेष अभियान में भाग लेकर पीएलआई और आरपीएलआई के माध्यम से अपने परिवार के भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित बनाएं डाक विभाग द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान जनहित में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे समाज के हर वर्ग को कम लागत में विश्वसनीय बीमा सुरक्षा मिल सके।

## सराफा दुकान पर चोरी:अज्ञात चोर तीन किलो चांदी के गहने ले उड़े

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे के सराफा व्यापार संघ अध्यक्ष की सब्जी मंडी में स्थित दुकान श्री हरी ज्वेलर्स पर बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने शटर का ताला तोडक़र करीब तीन किलो चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया,अज्ञात चोर जाते जाते सी सी केमरे का वीसीआर भी ले उड़े ,सूचना मिलने पर रविवार सुबह पुलिस मौके पर पहुंची। एफ एस एल , फॉरेंसिक टीम ,एमआईयू ,साइबर टिम,डॉग स्क्वाड ने भी मौके का निरीक्षक किया। कस्बे के मुख्य बाजार सब्जी मंडी में स्थित हरिनारायण सोनी की दुकान श्री हरी ज्वेलर्स पर बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर व ताला तोड़ कर दुकान में रखे तीन किलो चांदी के पायल,बिछुड़ी अंगूठी जेवरात चोरी कर फरार हो गए। दुकानदार को घटना का पता रविवार सुबह सात बजे लगा किसी परिचित ने उन्हें फोन पर घटना की जानकारी दी,सूचना पर हरी नारायण सोनी व उनके पुत्र दुर्गेश सोनी दुकान पर पहुंचे तथा पुलिस को घटना की सूचना दी,उप पुलिस अधीक्षक गुलाबा राम,थाना प्रभारी अमरनाथ जोगी मय जाप्ते पर मौके पर पहुंचे तथा घटना स्थल का निरीक्षण किया,पुलिस ने एफ एस एल,फॉरेंसिक टीम ,एमआईयू ,साइबर टिम,डॉग स्क्वाड टिम को सूचना दी। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची तथा दुकान से फिंगर प्रिंट लिए ,डॉग स्क्वाड टिम ने भी मौके का निरीक्षक किया। हरी नारायण सोनी के पुत्र दुर्गेश सोनी ने घटना की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज करवाई। थाना प्रभारी अमरनाथ जोगी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है,उन्होंने बताया कि चोरों की संख्या चार से पांच हो सकती है,पुलिस द्वारा पांच टीमों का गठन किया गया जो उप पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में काम कर रही है,पुलिस आसपास लगे सीसी टीवी केमरे खंगाल रही है, पुलिस शीघ्र चोरी का खुलासा कर देगी।घटना रात्रि 2 बजे से तीन बजे के आसपास की बताई जा रही है,अज्ञात चोर रेलवे पटरियों की तरफ से पंचायत वाली गली से सब्जी मंडी की ओर आए ,गली में लगे सी सी केमरे में अज्ञात चोर कैद हो गए। बीच बाजार में चोरों की घटना होने से कस्बे में सनसनी फैल गई।



### पुलिस ने कंटेनर से 53 गोवंश को मुक्त करा श्री जैन दिवाकर कमल गौशाला में छुड़वाया

# गोवंश से भरा कंटेनर पकड़ा, चालक फरार, पुलिस की बड़ी कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान




**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** सदर थाना पुलिस ने रविवार को अवैध रूप से गोवंश ले जा रहे एक कंटेनर को पकडक़र बड़ी कार्रवाई की। सदर थाना पुलिस ने गौसेवकों की सहायता से कंटेनर से गौवंश को बरामद कर श्री जैन दिवाकर कमल गौशाला सुरक्षित छुड़वाया। इस संबंध में प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने विभिन्न पहलुओं से जांच शुरू कर दी है।

**53 गौवंशों को सुरक्षित गौशाला में छुड़वाया:** सदर थाना पुलिस के सहायक उप निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि रविवार प्रातः पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि आबकारी थाना के समीप एक लावारिस पड़े कंटेनर में गौवंश को भर रखा है, इस सूचना पर पुलिस जाप्ते ने मौके पर पहुंच कर गौसेवकों की सहायता से गौवंश को श्री जैन दिवाकर कमल गौशाला में सुरक्षित छुड़वाया, इस कंटेनर में ठूस-ठूसकर कुल 53 गोवंश भरे हुए थे, जिनमें 19 गायें एवं 34 नंदी शामिल थे। इन सभी के लिए गौशाला संचालकों की ओर से चारे एवं पानी की व्यवस्था की गई। मौके पर पशु चिकित्सक ओ.पी. मेहरा एवं चिकित्सा टीम ने घायल पशुधन का प्रारंभिक उपचार किया। एएसआई सुरेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने लावारिस कंटेनर एवं फरार चालक के विरुद्ध राजस्थान गौवंश अधिनियम 1995 की धारा 5,6 एवं 8 में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

क्षेत्र में अलग से नंदी शाला के अभाव में गायों की देखभाल पर पड़ता है असर नगर में वर्तमान में तीन बड़ी गौशालाएं संचालित हैं, जिनमें गायों के साथ नंदी एवं बेलों को भी रखा जाता है। इससे गायों की सुव्यवस्थित देखभाल में लगातार समस्या उत्पन्न होती है। श्री जैन दिवाकर कमल गौशाला में छोड़े गए 53 गौवंश में 34 नंदी एवं बेलों के होने के कारण अब यहां इनकी संख्या बढक़र 100 से अधिक पहुंच गई है। इससे गायों की देखभाल की व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पडऩा स्वाभाविक है।

श्री जैन दिवाकर कमल गौशाला निम्बाहेड़ा के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने बताया कि क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, ऐसे में नंदी शाला की स्थापना अत्यंत आवश्यक हो गई है। उन्होंने बताया कि श्री जैन दिवाकर कमल गौशाला के द्वारा जिला कलक्टर एवं प्रशासन को नंदी गौशाला खोलने का प्रस्ताव भेज रखा है, यदि इसकी स्वीकृति मिलती है तो शीघ्र ही यहां नंदी गौशाला का अलग से निर्माण करवाया जा कर नंदियों और बेलों की व्यवस्थित देखभाल की जा सकेगी।

**गौसेवकों की रही प्रभावी सेवा:** रविवार को प्रातः कंटेनर में गौवंश की सूचना मिलने पर निम्बाहेड़ा सहित कासोद, फाचर, मांगरोल आदि क्षेत्र के गौसेवकों ने सदर थाना पुलिस के साथ मिलकर गौवंश को श्री जैन दिवाकर कमल गौशाला में सुरक्षित छुड़वाने में प्रभावी एवं सराहनीय सेवा कार्य किया। इस दौरान गौशाला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अशोक नवलखा, गौसेवक अर्जुन गुर्जर, मनोज खटीक, विष्णु वैष्णव, ललित जाट, प्रिंस अहीर, सौरभ अहीर, महेश अहीर, दिलीप मेनारिया, लोकेश मेनारिया, रणजीत सिंह, पवन मीणा, पुष्कर सालवी, शिवराज सिंह, मनोहर मीणा, राजू मीणा, अर्जुन मीणा, कोमल सिंह, नीतू मीणा, सूरज मेघवाल, योगेश, नारायण, सुमित लक्षमण, प्रतीक जैन आदि सहित भाजयुमो नगर महामंत्री चिराग मंत्री, सदर थाना पुलिस जाप्ता मौजूद रहा।

# आसमान से उतरी भारत-ब्रिटेन की सेना को देख भागे आतंकी
## फायरिंग से दहला दुश्मन का ठिकाना, ड्रोन से ट्रेस कर लोकेशन दी

**बीकानेर।**

भारतीय सेना ने ब्रिटिश आर्मी के साथ मिलकर हाइब्रिड वॉर, मल्टी डोमेन ऑपरेशन और रैपिड डिप्लॉयमेंट की प्रैक्टिस की। 14 दिन चले अभ्यास में राजस्थान में काल्पनिक दुश्मन के ठिकाने बना कर दोनों सेनाओं ने एक साथ हमले किए। दोनों सेनाओं के 240 सैनिकों ने इसमें भाग लिया और अपनी फील्ड ट्रेनिंग पूरी की।

काल्पनिक अभ्यास में ड्रोन के जरिए आतंकियों के ठिकाने पता लगाए गए। इसके बाद ग्राउंड पर बैठी टीम ने सैनिकों को लोकेशन बताई तो लड़ाकू हेलिकॉप्टर में दोनों सेनाओं के जवान सवार हुए। रस्सियों के सहारे आतंकी ठिकानों पर उतर कर पोजीशन ली और फायर किए। इसके बाद एक साथ हुए अटैक ने आतंकियों को समर्पण करने पर मजबूर कर दिया।

इसमें भारतीय सेना की सिख रेजिमेंट तथा ब्रिटिश आर्मी की 4th लाइट ब्रिगेड, First Division के अंतर्गत आने वाली द्वितीय बटालियन, रॉयल गोरखा राइफल्स (2 RGR) ने संयुक्त रूप से भागीदारी की। भारतीय दल का नेतृत्व कर्नल नीरज बेनीवाल ने किया, जबकि ब्रिटिश दल की कमान लेफ्टिनेंट कर्नल साइमन डाइसन के हाथों में रही।

इस अभ्यास के साथ ही रविवार को बीकानेर की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज अजेय वॉरियर-25' का आठवां संस्करण संपन्न हुआ।

### आपसी रणनीतियों को साझा किया

इस संयुक्त अभ्यास का मूल केंद्र शहरी क्षेत्रों में आतंकवाद-रोधी अभियानों को और अपग्रेड करना था। 14 दिनों में दोनों सेनाओं ने ब्रिगेड स्तर पर मिशन की संयुक्त योजना बनाई। अपनी-अपनी स्ट्रेटेजी शेयर की और फील्ड ट्रेनिंग को पूरा किया। इस दौरान सैनिकों ने हाइब्रिड युद्ध, मल्टी-डोमेन ऑपरेशंस, रैपिड डिप्लॉयमेंट और इंटीग्रेटेड युद्धक रणनीतियों पर विस्तृत प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### भारत ने रोबोटिक सपोर्ट सिस्टम को दिखाया

महाजन फील्ड फायरिंग रेंज की तपती रेत ने भारतीय सेना को अपने रेगिस्तानी कौशल और काउंटर-टेरर स्पेशिएलिटी प्रदर्शित करने का अवसर दिया। वहीं ब्रिटिश सेना की लाइट इन्फैंट्री यूनिट्स ने तेज प्रतिक्रिया, गतिशीलता और कठिन परिस्थितियों में संचालन की अपनी पहचान को और मजबूत किया। दोनों देशों की सेनाओं ने Combined Integrated Battle Teams (CIBT) के रूप में मिशन की हर प्रक्रिया को साझा किया।

इस अभ्यास में भारत की सैन्य तकनीकों ने विशेष आकर्षण बटोरा। DRDO के MULE सिस्टम, रोबोटिक सपोर्ट प्लेटफॉर्म्स तथा ह्यद्धठ्ठद्ध ष्ठह्म्श्रठ्ठद्ग क्क्चड्डह्लश्रश्ठ ने अभ्यास के दौरान अपनी उन्नत क्षमताओं का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान लेफ्टिनेंट कर्नल



पीटर हुल्डन हार्ट (सीओ, 2 रॉयल गोरखा राइफल्स) और लेफ्टिनेंट कर्नल साइमन डाइसन (मिलिट्री एडवाइजर, ब्रिटिश हाई कमीशन) ने एक दूसरे देश को अपनी नई तकनीक की जानकारी दी।



**2027 में मेजबानी करेगा ब्रिटेन**-भारतीय दल के कमांडर कर्नल नीरज बेनीवाल ने कहा- ये सैनिकों के लिए सीख, अनुभव और सामरिक सहयोग का अनूठा अवसर रहा। वहीं ब्रिटिश दल के प्रमुख लेफ्टिनेंट कर्नल साइमन डाइसन ने कहा- दोनों देशों के जवानों ने कठिन परिस्थितियों में ट्रेनिंग कर एक नया उदाहरण पेश किया है। अब ब्रिटेन साल 2027 में इसकी अगली कड़ी आयोजित करने के लिए तैयार है।

## कैप्टन बोले- राहुल गांधी ने मंत्री हटाने का दबाव डाला

**जालंधर।** पंजाब के पूर्व सीएम व बीजेपी नेता कैप्टन अमरिंदर सिंह ने बड़ा खुलासा किया है। कैप्टन ने कहा कि राहुल गांधी ने उन पर एक मंत्री को बर्खास्त करने का दबाव डाला। उन्होंने इनकार किया तो राहुल गांधी ने कहा कि अगर उन्होंने कार्रवाई नहीं की तो मैं ट्वीट कर मंत्री को बर्खास्त करने की बात कह दूंगा। इसके बाद कैप्टन ने मंत्री को बताया तो मंत्री ने 5 मिनट में इस्तीफा दे दिया। वहीं कैप्टन ने यह भी कहा कि भाजपा पंजाब में अकेले सरकार नहीं बना सकती। उसे अकाली दल से गठबंधन करना ही होगा। वर्ना 2027 तो क्या 2032 भी भूल जाए। कैप्टन के इस बयान ने सियासी गलियारों में खूब हलचल मची हुई है। कैप्टन ने एक मीडिया चैनल से बातचीत करते हुए इन बातों का खुलासा किया।

## उत्तराखंड भूकंप के सबसे ज्यादा खतरे वाले जोन में शामिल

**देहरादून।** भारत में भूकंप जोखिम को लेकर सबसे बड़ा वैज्ञानिक पुनर्मूल्यांकन करते हुए ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स ने नया अर्थक्केक डिजाइन कोड और अपडेटेड भूकंपीय जोनेशन मानचित्र जारी किया है। इस नए मैप में पूरे हिमालयी क्षेत्र को पहली बार सबसे अधिक खतरे वाले जोन-6 में रखा गया है, जिसमें उत्तराखंड का पूरा क्षेत्र शामिल है। पहले राज्य के बड़े हिस्से (देहरादून, ऋषिकेश, कोटद्वार ) को जोन-6 में और धारचूल, मुनस्यारी, उत्तरकाशी को जोन-6 में रखा जाता था। नए मैप के लागू होते ही देश के 61% हिस्से को अब मध्यम से उच्च खतरे की श्रेणी में माना गया है, जो पहले 59% था। वैज्ञानिकों के अनुसार यह पिछले कई दशकों में भूकंपीय जोखिम आकलन का सबसे बड़ा बदलाव है।

## मोबाइल में एक्टिव सिम से ही चलेंगे वॉट्सएप-टेलीग्राम-स्नैपचैट

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स को लेकर नया आदेश जारी किया है। वॉट्सएप, टेलीग्राम, सिग्नल, स्नैपचैट, शेयरचैट, जियोचैट, अराटाई और जोश जैसे मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स मोबाइल में एक्टिव सिम कार्ड के बिना नहीं चल पाएंगे। सरकार का दावा है कि इससे साइबर धोखेबाजों का पता लगाने में मदद मिलेगी। दूरसंचार विभाग के आदेश में कहा गया है कि मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स यह तय करें कि एप तभी चलेगा, जब यूजर की रजिस्टर्ड सिम उस मोबाइल में एक्टिव होगी। इतना ही नहीं 'सिम बाइंडिंग' के तहत अगर मोबाइल से सिम निकाल ली जाती है तो वॉट्सएप और बाकी दूसरे मैसेजिंग एप बंद हो जाएंगे। वेब ब्राउजर यानी लैपटॉप या डेस्कटॉप के जरिए लॉगिन करने वाले यूजर के लिए भी बड़ा बदलाव किया गया है।

# शीतलहर का अलर्ट
## 4 डिग्री तक गिर सकता है तापमान
### 2 जिलों में रहेगा अधिक असर, दिसंबर की शुरुआत के साथ तेज होगी सर्दी



**बढ़ता राजस्थान**

**जयपुर।** राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टरबेंस का प्रभाव खत्म होने के साथ ही मौसम खुल गया है। अब अगले सप्ताह (1 दिसंबर) से सर्दी तेज होगी। उत्तरी हवा चलने से शेखावाटी और बीकानेर संभाग में न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री तक जाने के आसार हैं। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- इसे देखते हुए 3 दिसंबर के लिए सीकर, झुंझुनूं जिलों में कोल्ड-वेव का यलो अलर्ट जारी किया है।

### पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान लूणकरणसर में रहा

राज्य के सभी शहरों में शनिवार को मौसम साफ रहा था। हालांकि दिन में धूप में थोड़ी हल्की रही। पिछले 24 घंटे के दौरान



सबसे कम न्यूनतम तापमान बीकानेर के पास लूणकरणसर में 8.8 और सीकर के पास फतेहपुर में 8.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। श्रीगंगानगर में कल न्यूनतम तापमान 9.3, चूरू में 9.6, पिलानी में 10, करौली में 10.1, दौसा में 10.7, वनस्थली (टोंक) में 11.1, अलवर में 11, सीकर में 11.5, जैसलमेर में 12.1, सिरोही में 13, बीकानेर में 14.3, कोटा में 14.8 और जयपुर में 14.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बीकानेर, सीकर, चूरू के एरिया के में सुबह-शाम हल्की सर्द हवाएं भी चली।

### प्रदेश में धूप हल्की रही

कल प्रदेश में भले ही आसमान खुल गया हो, लेकिन धूप कमजोर रही। बाड़मेर में कल दिन का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

जोधपुर में 29.5, बीकानेर में 25.4, चूरू में 25.7, गंगानगर में 24.5, जैसलमेर में 26.1, उदयपुर में 27.8, चित्तौड़गढ़ में 28.4, कोटा में 26, सीकर में 25.5, जयपुर में 26.8 और अजमेर में अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## खाटूश्यामजी जा रहे लोगों की कार-ट्रक से भिड़ी, 4 की मौत
### गाड़ी के उड़े परखच्चे, चिपक गए शव



**बढ़ता राजस्थान**

**जयपुर।** जयपुर में एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की जान चली गई। रविवार को मनोहरपुर-दौसा नेशनल हाईवे पर रतनपुरा के पास एक कार और ट्रक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और शव कार के सामने वाले हिस्से में चिपक गए। आगे की दोनों सीट पूरी तरह से टूट कर गिर गई। कार के अगले हिस्से के अंदर खून बिखर गया। हादसे की सूचना मिलते ही रायसर और मनोहरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त कार और ट्रक को क्रेन की मदद से सड़क किनारे करवाया। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए निम्स हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में भिजवाया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद ट्रैफिक को चालू करवाया दिया गया। सभी लोग अलग-अलग जगहों से आए थे। मेहंदीपुर बालाजी में दर्शन के बाद एक ही कार में खाटूश्यामजी के दर्शन करने जा रहे थे।

### ट्रक और इको कार में आमने-सामने की भिड़ंत

सीओ (जमवारामगढ़) मुकेश जोशी ने बताया- हादसा मनोहरपुर-दौसा नेशनल हाईवे पर रतनपुरा के पास हुआ। दोपहर करीब 12.55 बजे मनोहरपुरा से दौसा की तरफ ट्रक जा रहा था। इसी दौरान रतनपुरा के पास सामने की ओर से इको कार आ रही थी। ओवरटेक करने के दौरान ट्रक और इको कार की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। ओवर स्पीड के कारण ट्रक से टकराते ही कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## डीजीपी कॉन्फ्रेंस... भगोड़ों को भारत लाने पर बनी स्ट्रैटजी




# पीएम बोले-एआई और डेटा-ड्रिवन सिस्टम से चलेगी पुलिसिंग, महिला सुरक्षा के लिए देशभर में बने एक प्लेटफॉर्म

**बढ़ता राजस्थान**

**रायपुर।** आईआईएम नवा रायपुर में 60वीं ऑल इंडिया डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस खत्म हुई। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस देश की सिक्योरिटी स्ट्रैटजी को बदलने के लिए एक प्लेटफॉर्म के तौर पर काम करती है। पुलिस को अब जनता और युवाओं के बीच भरोसे की एक नई इमेज बनानी होगी।

पीएम ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ क्राइम को रोकने के लिए डायल 112 जैसा एक देशव्यापी प्लेटफॉर्म बनाया जाना चाहिए। देश में भविष्य की पुलिसिंग एआई, फोरेंसिक, नेटग्रीड और डेटा-ड्रिवन सिस्टम से चलेगी। साथ ही भगोड़ों को विदेश से भारत लाने पर भी रणनीति बनी। उन्होंने आतंकवाद, ड्रग्स का गलत इस्तेमाल, साइबर क्राइम और महिलाओं की सेफ्टी जैसे मुद्दों पर एक तेज और को-ऑर्डिनेटेड स्ट्रैटजी की जरूरत पर भी जोर दिया। साथ ही कहा कि विजन 2047 की तैयारी में पुलिसिंग को एकाउंटेबल, सेंसिटिव और मॉडर्न बनाने की जरूरत है। कॉन्फ्रेंस में खास सेवा के लिए प्रेसिडेंट पुलिस मेडल और शहरी पुलिस सुधारों के लिए अवॉर्ड भी दिए गए। कॉन्फ्रेंस खत्म होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने अलग-अलग स्कूलों के 30 छात्र-छात्राओं से मुलाकात की बच्चों से कॅरियर और परीक्षा को लेकर चर्चा की।

**गाइडलाइन तैयार करने की प्रक्रिया पर फोकस**-आईआईएम नवा रायपुर में 60वें अखिल भारतीय ष्ठत्रक्क-ढ्ढत्र कॉन्फ्रेंस में सुबह उन राज्यों को प्रेजेंटेशन देने का मौका मिला, जो कल अपनी रिपोर्ट पेश नहीं कर पाए थे। पहले सत्र में पुलिसिंग में एआइ (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के उपयोग पर चर्चा की गई। दूसरे सत्र गाइडलाइन तैयार करने की प्रक्रिया पर फोकस रहा। सुरक्षा एजेंसियों की जरूरतों, राज्यों के इनपुट और पिछली सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए अंतिम गाइडलाइन का ड्राफ्ट तैयार किया गया। साथ ही देश के जियो-पॉलिटिकल चैलेंजेस पर चर्चा हुई। इसी दौरान 'मॉडल स्टेट' भी चुना गया, जिसकी बेहतरीन प्रैक्टिस को पूरे देश में लागू किए जाने की तैयारी है। वहीं कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन शनिवार को 13 घंटे मैराथन बैठक हुई थी। बैठक की कमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संभाली। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल समेत देशभर की पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।